RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-256 जयपुर, शनिवार, 14 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

## महिला श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को कंटेनर ने मारी टक्कर, 2 की मौत

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ में शुक्रवार की रात ओवरटेक करते समय कंटेनर और पिकअप गाड़ी में आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप ड्राइवर समेत 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 14 से महिला श्रद्धालु व बच्चे घायल हो गए। वहीं कंटेनर ड्राइवर नंदकिशोर शर्मा (45) भी घायल हो गया। घटना निकुंभ थाना क्षेत्र में वागन नदी की पुलिया पर शुक्रवार की रात करीब 8 बजे हुई। शुरुआती जानकारी के अनुसार- पिकअप सवार सभी महिलाएं प्रतापगढ़ जिले के बंबोरी गांव से उदयपुर के मावली से दशा माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे।

## सुबोध अग्रवाल सहित 4 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**जयपुर।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) से जुड़े प्रकरण में एसीबी कोर्ट सं.-1 ने आरोपी सुबोध अग्रवाल सहित चार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। वारंट मुकदमा संख्या 245/24 में जारी किए हैं। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार अदालत ने आरोपी सुबोध अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, संजीव गुप्ता और मुकेश गोयल के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। न्यायालय के आदेशों की पालना में एसीबी टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## एअर इंडिया के बाद इंडिगो की भी टिकटें महंगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के बाद इंडिगो की फ्लाइट्स भी कल से महंगी हो जाएंगी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी ने शुक्रवार को सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 'फ्यूल सरचार्ज' लगाने की घोषणा की है। एयरलाइन ने बताया कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतें 85% तक बढ़ गई हैं।

### रोजाना 75.7 लाख सिलेंडर बुक हो रहे, ईरान जंग से पहले 55.7 लाख होते थे

# पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, एलपीजी चिंता का विषय, गैस बुकिंग में 20 लाख की बढ़ोतरी





नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और ईरान की तरफ से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद किए जाने के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई पर दबाव बढ़ने के बीच भारत सरकार ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन अलग-अलग मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से एलपीजी हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सरकार ने बताया कि ईरान जंग के कारण देश में गैस बुकिंग की संख्या में लगभग 20 लाख की बढ़ोतरी हुई है।

सरकार की तरफ से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग एवं ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने बताया कि जंग से पहले हर रोज औसतन 55.7 लाख सिलेंडरों की बुकिंग होती थी।

अभी एक दिन में लगभग 75.7 लाख गैस बुकिंग हो रही है। सरकार ने कहा कि जंग के माहौल के बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग में अचानक बढ़ोतरी देखी गई है। यह लोगों के बीच घबराहट के कारण हो रहा है।

### एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास अभी गैस का स्टॉक

पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- एलपीजी चिंता का विषय है क्योंकि देश का ज्यादातर एलपीजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से आता है और वह अभी बंद है। हालांकि, हमारे 25,000 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स में से किसी पर भी गैस खत्म होने (ड्राई आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

मंत्रालय ने आगे कहा- केंद्र की तरफ से राज्यों को अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन आवंटन किया गया है। राज्यों से अपील की गई है कि वे जिलों में केरोसिन बांटने लिए जगह तय करें। वैकल्पिक ईंधन विकल्पों के लिए कोल इंडिया को छोटे, मध्यम और अन्य उपभोक्ताओं को कोयला उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार ने कहा कि एलपीजी की पैनिक बुकिंग करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि किसी भी एलपीजी डीलर पर गैस खत्म होने की स्थिति सामने नहीं आई है। 9 मार्च 2026 को जारी नेचुरल गैस ऑर्डर के तहत कई सेक्टर को प्राथमिकता दी गई है। उसी आदेश के अनुसार घरेलू पीएनजी और सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के जारी है।

### लोगों को घबराने की जरूरत नहीं

पेट्रोलियम मंत्रालय ने आगे कहा- मौजूदा स्थिति में लोगों को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। इसके अलावा बड़े शहरों और केंद्रों में व्यावसायिक उपभोक्ता जो फिलहाल एलपीजी सप्लाई पर निर्भरता के कारण कुछ दिक्कतों का सामना कर रहे हैं, भारत सरकार उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

सरकार के मुताबिक, भारत के पास कच्चे तेल के लिए 258 मिलियन मीट्रिक टन की रिफाइनिंग क्षमता है। सभी रिफाइनरियां इस समय 100% या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं।

## ईरान का एलान: भारत के लिए खुला रहेगा 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का रास्ता

### ईरानी राजदूत बोले- 'इंडिया हमारा पक्का दोस्त'

नई दिल्ली

ईरान ने दो भारतीय गैस टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है।



न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि दो भारतीय एलपीजी टैंकर जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते भारत की ओर रवाना होंगे। इससे घरेलू गैस आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक कच्चे तेल का टैंकर भी 1 मार्च के आसपास होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुका है और सऊदी अरब का तेल लेकर शनिवार तक भारत आ सकता है।

इससे पहले गुरुवार शाम को ही भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा था कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट में भारत को सुरक्षित रास्ता देगा। उन्होंने कहा- भारत और ईरान के बीच लंबे समय से दोस्ताना रिश्ते और आपसी भरोसा रहा है।

## अमेरिका ने मुजतबा खामेनेई और लारिजानी पर 1 करोड़ डॉलर तक इनाम रखा

वाशिंगटन

अमेरिका ने ईरान के शीर्ष नेताओं के बारे में जानकारी देने पर 1 करोड़ डॉलर (करीब 83 करोड़ रुपए) तक इनाम देने की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश विभाग के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है। अमेरिका जिन ईरानी अधिकारियों की जानकारी चाहता है, उनमें मुजतबा खामेनेई और अली लारिजानी भी शामिल हैं। इनके अलावा इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खतिब, अली असगर हेजाजी, याह्या रहीम सफवी और इस्कंदर मोमेनी के नाम भी सूची में हैं। अमेरिकी विदेश विभाग का आरोप है कि ये लोग ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े नेटवर्क का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हैं।

## कपड़ा फैक्ट्री में 'स्लज टैंक' की सफाई करते समय जहरीली गैस से तीन मजदूरों की मौत

बाड़मेर

बालोतरा के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री के स्लज टैंक की सफाई करने उतरे तीन मजदूर जहरीली गैस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर और अस्पताल में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार दोपहर में लालजी वाला मिल्स नामक कपड़ा फैक्ट्री में गुमनाराम (25), विशंभर तिवारी (54) और श्रवण (32) निवासी बालोतरा स्लज टैंक की सफाई करने के लिए उतरे थे। इसी दौरान टैंक में मौजूद जहरीली गैस के कारण तीनों मजदूर बेहोश हो



गए। घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री में मौजूद अन्य मजदूरों ने फैक्ट्री मालिक को सूचना दी और तीनों को टैंक से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें राजकीय नाहटा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए और आक्रोश जताते हुए अस्पताल के बाहर सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े कर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि फैक्ट्री का मौका मुआयना किया है। प्रारंभिक जांच में जहरीली गैस के कारण मजदूरों की मौत सामने आई है।

उन्होंने कहा कि मजदूरों को बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतारा गया था। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीएम, डीएसपी जिला अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर शवों को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया है। प्रशासन ने फैक्ट्री प्रबंधन से भी हादसे के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।

### वित्त मंत्री बोलीं- देशहित में काम करने के बजाए विपक्ष कर रहा हंगामा

## जनता को उम्मीद न देकर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कर रहा विपक्ष

### एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा।

लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा



चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की।

लोकसभा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है।

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों ने संसद परिसर में एलपीजी संकट के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर, टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 1 लाख करोड़ का आर्थिक स्थिरीकरण कोष भारत को वित्तीय गुंजाइश देगा, जिससे वह वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि यह कोष एक 'बफर' (सुरक्षा कवच) के रूप में काम करेगा, जो पश्चिम एशिया जैसी मौजूदा अप्रत्याशित वैश्विक चुनौतियों से पैदा होने वाले झटकों को झेलने में मदद करेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- विदेशों में हो रहे घटनाक्रमों के कारण हमारे देश के सामने कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं।

## कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का डर, ओडिशा से 8 विधायक बेंगलुरु भेजे

भुवनेश्वर

राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग का डर सता रहा है। इसके चलते उसने ओडिशा और हरियाणा में अपने सभी विधायकों को बचाने के लिए रिजॉर्ट में रखने का फैसला किया है।

ओडिशा कांग्रेस के 8 विधायकों को बेंगलुरु भेजा गया है। जो दक्षिण बेंगलुरु के वंडरला रिजॉर्ट में ठहरे हैं। 6 विधायक विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए भुवनेश्वर में ही मौजूद हैं। शनिवार सुबह तक चार और ख्रुबेंगलुरु पहुंच सकते हैं। इससे पहले चीफ व्हिप राजेन एक्का समेत 6 विधायक गुरुवार रात परिवार समेत बेंगलुरु पहुंच गए हैं। उधर, हरियाणा में 2 राज्यसभा सीटें खाली हो रही हैं। चंडीगढ़ में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विधायकों को लंच पर बुलाया गया। सूत्रों के मुताबिक इन विधायकों को 5 जोड़ी कपड़े साथ लाने कहा गया। 10 राज्यों की 37 सीटों को भरने के लिए 'काउंसिल ऑफ स्टेट्स' (राज्यसभा) के हर 2 साल में होने वाले चुनावों के लिए वोटिंग 16 मार्च को होनी है।

## ताइक्वांडो के फर्जी सर्टिफिकेट से ली सरकारी नौकरी, 20 गिरफ्तार

### ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में लगे थे 19 अभ्यर्थी

जयपुर

राजस्थान में ग्रेड थर्ड टीचर सीधी भर्ती परीक्षा-2022 में खेल कोटे में फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी पाने वाले 19 अभ्यर्थियों सहित 20 आरोपियों को SOG ने गिरफ्तार किया है। राजस्थान के 14 जिलों और हरियाणा में एक स्थान पर 12 मार्च को SOG टीम ने छापा मारा। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया- इन अभ्यर्थियों ने ताइक्वांडो के फर्जी प्रमाण पत्र और



फर्जी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर नौकरी हासिल की थी। एसओजी थाने में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल, राजस्थान में पिछले पांच साल में हुई सरकारी भर्तियों की एसओजी जांच कर रही है। ऐसे में ग्रेड थर्ड टीचर सीधी भर्ती परीक्षा-2022 में खिलाड़ी कोटे में ताइक्वांडो के फर्जी सर्टिफिकेट से शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों के गड़बड़ी करने वालों पर ये बड़ी कार्रवाई की गई।

एडीजी ने बताया कि जांच के दौरान SOG को योगेंद्र कुमार (पीटीआई) वर्तमान पदस्थापन राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल पंडेर, जहाजपुर (भीलवाड़ा) के मोबाइल में ताइक्वांडो फेडरेशन के नाम से भेजे गए ईमेल का स्क्रीनशॉट मिला। इसमें 39 अभ्यर्थियों के खेल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कर शिक्षा विभाग को रिपोर्ट भेजे जाने का उल्लेख था।

जब ईमेल की जांच की गई तो उसमें 'Secretary' शब्द की स्पेलिंग गलत पाई गई। इससे अधिकारियों को संदेह हुआ कि इतना बड़ा फेडरेशन आधिकारिक ईमेल में ऐसी गलती कैसे कर सकता है।

## पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से दो दिन 20 शहरों में आंधी-बारिश

**जयपुर।** पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से दो दिन प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी-बारिश की संभावना है। शनिवार को चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और शेखावाटी जिलों में कहीं-कहीं आंधी के साथ हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश के कई शहरों में शुक्रवार को हल्के से मध्यम बादल छाए रहे। बादल छाए रहने से आमजन को तेज गर्मी से राहत मिली। इससे प्रदेश के शहरों के दिन के तापमान में गिरावट तो वहीं रात के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई। प्रदेश के 6 शहरों का दिन का पारा 37 डिग्री के पार तो वहीं 9 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री से अधिक दर्ज किया। 39.6 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 24.8 डिग्री के साथ फलोदी की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार वनस्थली, पाली, कोटा, चित्तौडग़ढ़, बाड़मेर और जोधपुर का पारा 37 के पार दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की तो अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने असम में 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# असम के तेज विकास के लिए प्रतिबद्ध डबल इंजन की सरकार

### पीएम बोले-कांग्रेस ने लगातार असम से झूठ बोला- किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा

गुवाहाटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है। कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति देश के लिए ईमानदार नहीं है।

मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने चाय किसानें के लिए कहा- टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24,250 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10:45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।

सरकार ने UPI के जरिए किसानों के खातों में सीधे पैसे भेजे। पैसे जमा होने का मैसेज किसानों के मोबाइल पर भी पहुंच गया। दुनिया के कई विकसित देशों में भी इतनी तेज व्यवस्था नहीं है।

NDA सरकार के लिए किसानों का हित सबसे महत्वपूर्ण है। 2014 से पहले कांग्रेस सरकार के 10 साल में किसानों को करीब 6.5 लाख करोड़ रुपए MSP के रूप में मिले। NDA सरकार के समय में किसानों को 20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा MSP मिल चुका है। यूरिया के लिए सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा सब्सिडी दी है ताकि किसानों पर बोझ न पड़े।

कांग्रेस ने किसानों और रिफाइनरी विकास के लिए ज्यादा काम नहीं किया। आज कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है।

कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है। एक वादे के साथ चार झूठ गिफ्ट में देती है। वहीं, आपके सामने बीजेपी का सफल मॉडल है। 2003 में जब दिल्ली में एनडीए सरकार थी।

### पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

## कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, करियर खत्म हो जाएगा: सीजेआई

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा-ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका



पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मेंस्ट्रुअल लीव को अनिवार्य बनाने के संभावित सामाजिक परिणामों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है।

सीजेआई ने कहा - मान लीजिए आप पूरे प्राइवेट सेक्टर को महीने में एक बार छुट्टी लेने का अधिकार देते हैं तो यह उनके विकास के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको वर्क प्लेस पर बनने वाली मानसिकता का अंदाजा नहीं है।

इस पर कानून बना तो महिलाओं के करियर को होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाएगा। कोई भी उन्हें जिम्मेदारियां नहीं देगा, यहां तक कि ज्यूडीशियल सर्विस में भी, उन्हें सामान्य मुकदमे नहीं सौंपे जाएंगे।

हम निर्देश देते हैं कि सक्षम प्राधिकारी सुप्रीम कोर्ट के24 फरवरी 2023 और 8 जुलाई 2024 के आदेशों के जरिए दिए गए निर्देशों पर विचार करे और एक नीति तैयार करे।

## प्रधानमंत्री कहां हैं? एलपीजी की कमी पर ध्यान देने के बजाए वे चुनाव रैलियां कर रहे हैं- राउत



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को केरल और तमिलनाडु में रैलियां करने के लिए पीएम मोदी की आलोचना की और उनसे व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कमी पर ध्यान देने की मांग की। संजय राउत ने केंद्र सरकार से पश्चिम एशिया संघर्ष से भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कहां हैं? वे केरल और तमिलनाडु में चुनाव प्रचार कर रहे हैं और वे अपने विरोधियों के खिलाफ जिन शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं। राउत ने कहा कि पीएम मोदी ईरान-इजराइल संघर्ष के प्रभाव पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कमी के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति लोगों में भय पैदा कर रही है। होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं। मोदी सरकार ने इस पर कुछ नहीं कहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश ऐसे नेतृत्व के हाथों में है। यह घटनाक्रम गुरुवार को केरल और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पीएम मोदी की जनसभाओं के बाद सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारतीयों के हितों को सर्वोपरि रखने के उसी दृष्टिकोण का पालन करेगी और घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरुरत नहीं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित है। हम इंडिया फर्स्ट की विचारधारा में विश्वास रखते हैं। बता दें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी हो गई है, जिसके बाद केंद्र ने घरेलू खपत को प्राथमिकता देते हुए जरुरी वस्तु अधिनियम लागू किया है।

## टल गया बड़ा संकट...कुकी समुदाय ने नागा समुदाय के सभी 21 नागरिकों बातचीत के बाद छोड़ा

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में कुकी समुदाय के ग्रामीणों और सशस्त्र लोगों द्वारा हिरासत में लिए गए नागा समुदाय के सभी 21 नागरिकों को बातचीत के बाद छोड़ दिया गया। इंफाल पुलिस अधिकारी ने बताया कि उखरुल-इम्फाल मार्ग पर तीन वाहनों में यात्रा कर रहे तंगखुल नागा समुदाय के नागरिकों को शांगकाई में कुकी गांव वालों और हथियारबंद लोगों ने बंधक बनाया था। राज्य सरकार के अधिकारियों और नागा एवं कुकी समुदायों के नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) के नेताओं के बीच गहन बातचीत और विचार-विमर्श के बाद सुबह बंधकों को रिहा किया गया। रिहाई के बाद नागरिकों को लिटान पुलिस स्टेशन ले जाया गया और बाद में उन्हें उनके परिवारों से मिला दिया गया। 21 लोगों को बंधक बनाने के कारण तंगखुल नागा बहुल उखरुल जिले में विशेष रूप से कुकी बहुल कांगपोकपी जिले से सटे इलाकों में तनाव बना रहा। सुरक्षा बलों ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तलाशी और क्षेत्र नियंत्रण अभियान चलाए। इसके पहले मणिपुर में तंगखुल नागाओं की सर्वोच्च संस्था, तंगखुल नागा लोंग (कार्यकारी समिति) ने उखरुल जिले के कुकी-बहुल गांव शांगकाई में हिरासत में लिए गए 20 से अधिक नागा नागरिकों की सुरक्षित रिहाई की मांग करते हुए दो घंटे का अल्टीमेटम जारी किया था। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नागा जनजाति है और मुख्य रूप से राज्य के पांच से छह जिलों में पाई जाती है।

## एलपीजी संकट पर कांग्रेस पर हमलावर कंगना.... जनता को गुमराह करने की साजिश

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में एलपीजी संकट को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। भाजपा सांसद और अभिनेत्री कंगना रानोत ने विपक्ष के विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधकर कहा कि जनता को गुमराह करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में महंगाई बढ़ रही है, लेकिन भारत में लगातार नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। रनौत ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को कथित एलपीजी संकट से उसी तरह बाहर निकलने वाले हैं, जैसे उन्होंने कोविड महामारी के दौरान देश का नेतृत्व किया था। मंडी से सांसद कंगना रनौत ने कहा कि एलपीजी की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्ण आश्वासन दिया है, लेकिन विपक्ष दहशत फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास रखना चाहिए, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत लगातार प्रगति कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन जारी रखा। विपक्ष का आरोप है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में एलपीजी की कमी की स्थिति पैदा हो रही है और इस पर संसद में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।

## घरेलू फ्लाइटों पर एयर इंडिया ने 399 रुपये सरचार्ज की बढ़ोतरी की

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर ईरान-इस्राइल युद्ध का असर दिख रहा है। अब उड़ानें महंगी हो गई हैं। घरेलू फ्लाइटों पर एयर इंडिया ने 399 रुपये सरचार्ज की बढ़ोतरी कर दी है। बढ़ा हुआ सरचार्ज आज यानी गुरुवार से लागू हो गया है। अन्य एयरलाइंस की ओर से इस लेकर तैयारियां चल रही हैं। सरचार्ज बढ़ोत्तरी के बाद इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 1200 रुपये तक अधिक चुकाना पड़ सकता है।खाड़ी संकट ने लोगों के जीवन पर अब खासा असर डालना शुरू किया है। दरअसल, ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले और पलटवार ने खाड़ी देशों में तनाव को भड़का दिया है। इस युद्ध के कारण तेल-गैस को लेकर देश में पैनिक जैसी स्थिति है। वहीं, अब एयर ट्रैवल भी महंगा होता जा रहा है। इराक का एयरस्पेस पूरी तरह बंद किए जाने से अमेरिका यूरोप की कनेक्टिंग फ्लाइट के भी काफी महंगी होने के आसार हैं। लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात एक एयरलाइंस के अधिकारी के अनुसार, युद्ध के बाद भी इराक के एक सिरे से होते हुए इंटरनेशनल फ्लाइट्स जा रही थीं।

# गुजरात आ रहे जहाज पर ईरानी हमलों के बाद भड़का भारत कहा- अब ऐसी घटनाएं न हों

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड के एक मालवाहक जहाज पर हुए हमले के बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने की बढ़ती घटनाओं पर भारत ने गहरी चिंता जताते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने की मांग की है। यह विवाद तब गहराया जब गुजरात के कांडला बंदरगाह की ओर आ रहे एक जहाज मयूरी नारी पर ईरानी सेना के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) द्वारा हमला किए जाने की खबर आई।

विदेश मंत्रालय ने इस घटना पर आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि भारत वाणिज्यिक जहाजों को सैन्य संघर्ष का हिस्सा बनाने की कड़ी निंदा करता है। मंत्रालय के अनुसार, 11 मार्च को होर्मुज जलडमरूमध्य में थाई जहाज मयूरी नारी पर हमला हुआ, जो भारत के कांडला आ रहा था। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है। मंत्रालय ने इस बात पर भी जोर दिया कि इन संघर्षों में अब तक कई भारतीय नागरिकों सहित कई निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है। हमलों की बढ़ती तीव्रता और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भारत ने स्पष्ट किया कि निर्दोष नागरिकों को खतरे में डालना अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है।




रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर गोले दागे गए। थाईलैंड के ध्वज वाले जहाज मयूरी नारी ने बुधवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के खलीफा बंदरगाह से अपनी यात्रा शुरू की थी। सुबह करीब 11 बजे इस पर हमला हुआ। रॉयल थाई नेवी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक दल के 20 सदस्यों को बचाकर ओमान पहुँचाया है, जबकि तीन अन्य सदस्यों की तलाश अभी भी जारी है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारा है, जहाँ से वैश्विक कच्चे तेल की 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। इन हमलों के कारण यह मार्ग बाधित होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ सकता है। इस बीच, भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुष्टि की कि हालिया संकट के दौरान एक पोत पर हुए हमले में दो भारतीयों की मौत हुई है और एक लापता है। वर्तमान में ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद हैं, जिनके साथ भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस क्षेत्र के विभिन्न देशों के नेताओं और अपने समकक्षों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं ताकि स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

## महाराष्ट्र में विधान भवन को बम से उड़ाने की धमकी, मीडिया को नहीं जाने दिया अंदर

**-गहन तलाशी के बाद झूठी निकली धमकी, ईमेल भेजने वाली की तलाश शुरु**

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र राज्य विधानसभा परिसर, विधान भवन को उड़ाने की धमकी देने वाले ईमेल के बाद गुरुवार को सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिसके चलते बजट सत्र के दौरान जांच शुरू होने तक मीडियाकर्मियों और आम जनता को अंदर नहीं जाने दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को अधिकारियों को एक चिंताजनक ईमेल मिला, जिसमें दक्षिण मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित विधान भवन में बम विस्फोट की स्पष्ट चेतावनी दी गई थी। राज्य विधानसभा और विधान परिषद में गरमागरम राजनीतिक बहसों के बीच बजट पर सक्रिय रूप से विचार-विमर्श चल रहा था। अंदर मौजूद विधायक कड़ी निगरानी में कार्यवाही जारी रखे रहे, शुरुआत में उन्हें बाहरी अराजकता की जानकारी नहीं थी, क्योंकि इस खतरे ने महाराष्ट्र की विधायी संस्था के केंद्र में स्थित इस प्रतिष्ठित भवन में सामान्य आवागमन को बाधित कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक विधान भवन में बम निरोधक दस्ते ने गहन तलाशी के बाद परिसर को सुरक्षित घोषित कर दिया और धमकी को झूठी बताया। अब धमकी भरा ईमेल भेजने वाले व्यक्ति को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सदन की कार्यवाही सुबह 11:00 बजे फिर शुरू हुई, जिससे बजट सत्र बिना किसी देरी के जारी रहा। महाराष्ट्र के गृह मंत्री पंकज भोइर ने खुलासा किया कि गुरुवार सुबह 6:27 बजे विधान भवन, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और हाईकोर्ट को निशाना बनाते हुए बम विस्फोट की चेतावनी वाला एक धमकी भरा ईमेल मिला था। जांच से पता चलता है कि ईमेल फर्जी था।



## आंध्र प्रदेश के घरों में खौल रही सफेद मौत, मिलावटी दूध से अब तक 12 की गई जान

**-इस घटना ने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया, दूध विक्रेता हिरासत में जांच शुरु**

**गोदावरी (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के अस्पताल के वार्डों में तड़पते बुजुर्ग, पेशाब रुकने से फूलते शरीर और उल्टियों के बीच अपनी आखिरी सांसें गिनते मासूमों ने पूरे राज्य को हिला कर रख दिया है। यह सब बुरे सपने से कम नहीं है। जहां सुबह की चाय और बच्चों का दूध धीमा जहर बनकर घरों में दाखिल हुआ। वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से निकले उस मिलावटी दूध ने देखते ही देखते 12 घरों के चिराग बुझा दिए। यह महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि नृशंस सामूहिक हत्या जैसा है, जहां मुनाफे के लालच में दूध में घातक रसायन मिलाया गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस खौफनाक कांड ने साबित कर दिया है कि हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज 12 मौतें हुई हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस वक्त कितने और घरों में यह सफेद मौत घूम रही है? पूरा इलाका श्मशान जैसी शांति और गहरे तनाव की चपेट में है, जहां हर दरवाजा खटखटाने वाला दूधवाला अब एक कातिल नजर आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इस समूह की पहचान सबसे पहले 22 फरवरी को हुई थी, जब कई बुजुर्ग व्यक्तियों को पेशाब न आना, उल्टी, पेट दर्द और अन्य दिक्कतों के चलते अस्पतालों में भर्ती कराया गया था।

एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कई विभागों में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नैदानिक ??जांच में रक्त में यूरिया और सीरम क्रिएटिनिन का स्तर बढ़ा हुआ पाया गया, जो विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का संकेत देता है। शुरूआती जांच से पता चला है कि कोरुकोंडा मंडल के नरसपुरम गांव में स्थित वरलक्ष्मी मिल्क डेरी से 106 परिवारों को आपूर्ति किया जाने वाला दूध इसका स्रोत हो सकता है। आपूर्ति तुरंत रोक दी गई है। इलाके में आपातकालीन चिकित्सा शिविर स्थापित किये गए हैं और चिकित्सकों और विशेषज्ञों का एक दल तैनात किया गया है। डेरी से आवश्यक नमूने लिए गए हैं और संदिग्ध दूध विक्रेता अड्डाला गणेश्वरराव (33) को हिरासत में लिया है। डेरी को सील कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जनसंख्या दर में भारी गिरावट के कारण जापान से भी ज्यादा बुरे हालात में सिक्किम

**भारत की जनसंख्या 2050 तक तेजी से बूढ़ी होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश कम फर्टिलिटी दर को लेकर परेशान है। इसका बड़ा कारण है कि भारत की जनसंख्या 2050 तक तेजी से बूढ़ी होगी। तब 60 साल से अधिक उम्र वालों की तादाद कुल जनसंख्या का लगभग 20 प्रतिशत होगा है। आजादी के 100वें साल तक देश में बच्चों से ज्यादा बुजुर्ग हो जाएंगे। सबसे बड़ी चुनौती सिक्किम में है। वहां जापान से भी बच्चे कम पैदा हो रहे हैं। सरकार करीब 4 बरस से प्रयास कर रही है, पर हालात नहीं सुधर रहे। देश की कुल जन्म दर (टीएफआर) 2.1 के स्थिर स्तर के मुकाबले 1.9-2.0 के बीच है, जबकि सिक्किम में यह बेहद निचले स्तर 1.1 तक पहुंच गई है। इसका मतलब है कि औसतन हर महिला 1.1 बच्चे को जन्म दे रही है। 2005-06 में यह 2.0 थी, 2015-16 में 1.2 और 2025-26 में 1.1 तक आ गई। इस गिरावट के चलते सिक्किम का हाल जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से भी गंभीर हो गया है। अब सरकार नैशनल रिसर्च इंस्टीट्यूशन के साथ साझेदारी कर यह समझने की कोशिश कर रही है कि फर्टिलिटी क्यों कम हो रही है। सिक्किम जैसी स्थिति दुनिया के कई देशों की है। इसके बाद सिक्किम सरकार ने जन्म दर बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए हैं। 2022 में शुरू की गई वात्सल्य योजना के तहत बांझपन जैसी समस्याओं से जूझ रहे दंपतियों को आईवीएफ जैसे महंगे उपचार के लिए 3 लाख रुपये की मदद दी गई। योजना शुरू होने के बाद 38 महिलाओं ने पंजीकरण कराया, जिससे स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य कारण भी टीआरएफ घटने में योगदान दे रहे हैं।



इतना ही नहीं सिकिम्म सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन नीति भी लागू की गई। दूसरे बच्चे पर वेतन वृद्धि, तीसरे बच्चे पर अतिरिक्त वेतन, महिला कर्मचारियों के लिए एक साल की मैटरनिटी लीव और पुरुषों को पैटरनिटी लीव दी गई। बच्चों की देखभाल के लिए अटेंडेंट की व्यवस्था की गई। निजी क्षेत्र में भी महिलाओं को दूसरे बच्चे पर 5,000 रुपये और तीसरे बच्चे पर 10,000 रुपये मासिक वित्तीय सहायता का प्रावधान है।

विश्व स्तर पर भी जन्म दर बढ़ाने की चुनौतियां आम हैं। सिंगापुर में टीआरएफ 1.0 के आसपास है, जबकि दक्षिण कोरिया में यह 0.7 तक गिर गई। इन देशों में लंबे समय से बेबी बोनस, टैक्स रिबेट, सस्ती चाइल्ड केयर और हाउसिंग इंसेंटिव जैसी नीतियां लागू हैं, लेकिन परिणाम सीमित रहे हैं। हंगरी को थोड़ी सफलता मिली है, जहां 2011 में टीआरएफ 1.23 था और सरकार ने हाउसिंग सब्सिडी, कम ब्याज पर कर्ज और चार या अधिक बच्चों वाली महिलाओं के लिए आयकर छूट जैसी नीतियां लागू कीं। 10 साल बाद टीआरएफ 1.5 तक बढ़ा, लेकिन यह भी रिप्लेसमेंट लेवल से कम है। जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और बूढ़ी आबादी के बढ़ते बोझ को संभालने के लिए जन्मदर बढ़ाने के प्रयासों को और प्रभावी, समग्र और दीर्घकालिक रणनीतियों के साथ लागू करना होगा। इसके लिए स्वास्थ्य, वित्तीय प्रोत्साहन और सामाजिक समर्थन सभी आवश्यक हैं।

## फारूक अब्दुल्ला पर हमला: सुरक्षा घेरा तोड़कर पहुंचा था हमलावर, 20 साल से बना रहा था योजना

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला बुधवार को एक भीषण हमले में बाल-बाल बच गए। जम्मू के बाहरी इलाके ग्रेटर कैलाश स्थित होटल रॉयल पार्क में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान एक सशस्त्र हमलावर ने उन पर बेहद करीब से निशाना साधने की कोशिश की। हालांकि, मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की त्वरित कार्रवाई और मुस्तैदी के कारण एक बड़ी अनहोनी टल गई, लेकिन इस दौरान हमलावर की बंदूक से एक राउंड फायरिंग भी हुई जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई।

पुलिस ने हमलावर की पहचान 63 वर्षीय कमल सिंह जमवाल के रूप में की है, जो जम्मू के पुरानी मंडी इलाके का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने जो खुलासे किए, वे चौंकाने वाले हैं। जमवाल ने दावा किया कि वह पिछले दो दशकों से फारूक अब्दुल्ला की हत्या की योजना बना रहा था और इसे अपना व्यक्तिगत एजेंडा बताया। आरोपी के पास से एक लोडेड पिस्तौल बरामद हुई है, जिसे उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक बताया है। अधिकारियों के अनुसार, घटना के समय आरोपी नशे में धुत था और उसने खुद को एक अज्ञात जागरण मंच का अध्यक्ष भी बताया है। यह सनसनीखेज घटना उस समय हुई जब फारूक अब्दुल्ला और केंद्र शासित प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी एक पार्टी नेता के बेटे के विवाह समारोह से वापस लौट रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर पीछे से डॉ. अब्दुल्ला के बिल्कुल करीब पहुंच गया और उन पर बंदूक तान दी। इससे पहले कि वह घातक वार कर पाता, अब्दुल्ला की जेड प्लस सुरक्षा में तैनात क्लोज प्रोटेक्शन टीम ने फुर्ती दिखाते हुए उसे दबोच लिया। इस दौरान वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने आरोपी की जमकर धुनाई भी की। इस घटना ने जम्मू-कश्मीर में वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस चूक पर गहरा दुख और आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर एक व्यक्ति जेड प्लस सुरक्षा वाले पूर्व मुख्यमंत्री के इतने करीब लोडेड पिस्तौल के साथ कैसे पहुंच गया? वहीं, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने भी इसे सुरक्षा में भारी लापरवाही करार देते हुए कहा कि जब पूर्व सीएम, डिप्टी सीएम और सलाहकार एक ही स्थान पर मौजूद हों, तो ऐसी घटना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। फिलहाल जम्मू पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी आतंकी संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन इस बात की गहराई से तफ्तीश की जा रही है कि आरोपी हथियार के साथ सुरक्षा घेरे को भेदकर अंदर दाखिल होने में कैसे कामयाब रहा।



## मोनालिसा और फरमान खान की शादी पर विवाद शुरू, पति ने हर एक सवाल का दिया जवाब

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान रुद्राक्ष की माला बेचते हुए अपनी सादगी और खूबसूरती से रातों-रात इंटरनेट सनसनी बनीं मोनालिसा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अपनी कजरारी आंखों और मुस्कान से लाखों प्रशंसकों का दिल जीतने वाली मोनालिसा ने अपने करियर की औपचारिक शुरुआत से पहले ही वैवाहिक जीवन में कदम रख दिया है। बुधवार को उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड और सह-अभिनेता फरमान खान के साथ शादी रचाई।

अपनी प्रेम कहानी का खुलासा करते हुए फरमान ने बताया कि वे दोनों एक फिल्म में साथ काम कर रहे थे, जहां से उनकी बातचीत शुरू हुई। फरमान के अनुसार, मोनालिसा ने ही उन्हें पहले प्रपोज किया था। उन्होंने कहा, हमारा प्यार महज 6 महीने पुराना है, लेकिन यह जुड़ाव 60 साल के बराबर महसूस होता है, इसलिए हमने साथ रहने का फैसला किया। शादी के बाद मोनालिसा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें केरल और वहां के लोग बहुत पसंद आए हैं। फरमान ने यह भी संकेत दिया कि यदि मोनालिसा को यहां का वातावरण रास आता है, तो वे केरल में ही बसने पर विचार कर सकते हैं। फिलहाल इस नवविवाहित जोड़े ने केरल के स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन को उनके कठिन समय में सहयोग करने के लिए शुक्रिया अदा किया है।



चूंकि फरमान मुस्लिम समुदाय से संबंध रखते हैं, इसलिए मोनालिसा के माता-पिता इस अंतरधार्मिक रिश्ते के सख्त खिलाफ थे। हालांकि, अपने प्यार को मुकम्मल करने के लिए मोनालिसा ने परिवार से बगावत का रास्ता चुना और घर छोड़कर शादी करने का फैसला किया। मोनालिसा और फरमान ने कानून का सहारा लेते हुए पहले केरल में सिविल मैरिज की और फिर तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध अरुमनूर नैनार मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंधे। इस दौरान पुलिस सुरक्षा के बीच फरमान ने मोनालिसा की मांग में सिंदूर भरा। इंटरनेट पर वायरल हो रही तस्वीरों में मोनालिसा लाल साड़ी, गले में वरमाला और मांग में सिंदूर लगाए बेहद खुश नजर आ रही हैं। इस शादी के बाद सोशल मीडिया पर एक विवाद भी खड़ा हो गया, जिसमें दावा किया गया कि मोनालिसा अभी नाबालिग हैं। इन खबरों पर लगाम लगाते हुए उनके पति फरमान खान ने सार्वजनिक रूप से मैरिज सर्टिफिकेट और आधार कार्ड दिखाते हुए स्पष्ट किया कि मोनालिसा 18 वर्ष से अधिक की हैं और पूरी तरह वयस्क हैं। उन्होंने मीडिया से कहा कि गलत खबरें फैलाई जा रही हैं कि वह मैच्योर नहीं हैं, जबकि कानूनी दस्तावेजों में उनकी जन्मतिथि इसका प्रमाण है।

# बिहार चुनाव में बीजेपी के बटुए से निकले 146.71 करोड़... जीते सबसे ज्यादा 89 विधायक

**-कांग्रेस ने 35.07 करोड़ रुपये खर्च किए, जीते सिर्फ 6 विधायक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 जीतने के लिए बीजेपी ने सभी पार्टियों से ज्यादा खर्च किया है। बीजेपी ने 146.71 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वहीं कांग्रेस ने कुल 35.07 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। बीजेपी ने जमा पूंजी का 2 फीसदी खर्च किया, जबकि कांग्रेस ने अपनी कुल जमा पूंजी का 28 फीसदी पैसा खर्च किया है। बीजेपी ने बीते बिहार विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार ज्यादा पैसा खर्च किया। 2020 में बीजेपी ने करीब 54 करोड़ खर्च किए थे, लेकिन इस बार 146.71 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

बिहार में बीजेपी को पैसा खर्च करने का फल भी मिला। राज्य में 89 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस ने बीजेपी की तुलना में भले ही पैसा कम खर्च किया हो, लेकिन अपनी जमा पूंजी का बहुत बड़ा हिस्सा बिहार में खर्च किया।

चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अपने खर्च की हिसाब देती हैं। इसके तहत बिहार चुनाव में खर्च किए पैसे का लेखा-जोखा सियासी दलों ने चुनाव आयोग को दिया हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी ने बिहार चुनाव खर्च की रिपोर्ट 10 फरवरी को चुनाव आयोग को सौंपी है, जिसमें पार्टी ने बताया है कि उसने 146.71 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वहीं, बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कुल 35 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, तब सीपीआई (एम) ने महज 26.75 लाख रुपये खर्च किए हैं। बहुजन समाज पार्टी ने बिहार चुनाव में सिर्फ 9.01 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आरजेडी और जेडीयू सहित दूसरे दलों के खर्च का लेखा-जोखा अभी चुनाव आयोग को उपलब्ध नहीं कराया हैं।

बीजेपी ने चुनाव प्रचार के विज्ञापन पर खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा गूगल इंडिया लिमिटेड पर किया, जिसे पार्टी ने 14.27 करोड़ रुपये दिए। इसके अलावा बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों पर 29.71 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जिसमें पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद के तौर पर दिया है। कांग्रेस ने बिहार चुनाव में खर्च किए गए 35 करोड़ रुपये में से 12.83 करोड़ रुपये स्टार कैंपेनर्स की यात्रा पर दिए। इसके अलावा कांग्रेस ने सोशल मीडिया कैंपने के लिए 11.24 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बिहार में निकाली गई वोटर अधिकार यात्रा पर भी खर्च किए।

रिपोर्ट से पता चलता है कि बीते साल नवंबर में बिहार चुनाव खत्म होने पर बीजेपी का क्लोजिंग बैलेंस 7,088.58 करोड़ रुपये था। इसके मुताबिक चुनाव से पूर्व बीजेपी के पास 7235.26 करोड़ रुपये था, जिसमें से 146.71 करोड़ खर्च किया। इसके बाद 7,088.58 करोड़ रुपये बचे थे। इस तरह बीजेपी ने अपनी जमापूंजी का करीब 2 फीसदी पैसा ही बिहार चुनाव में खर्च किया है। वहीं, कांग्रेस के पास बिहार चुनाव के बाद कुल 89.13 करोड़ रुपये बचे थे। कांग्रेस ने चुनाव में 35.07 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस लिहाज से कांग्रेस के चुनाव से पहले 124.2 करोड़ रुपये था, जिसमें से 35.07 करोड़ रुपये खर्च करने का मतलब साफ है कि पार्टी ने अपनी जमापूंजी का 28.23 फीसदी पैसा बिहार चुनाव में खर्च किया।



बिहार विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा 89 विधायक जीतने में सफल रही, जबकि कांग्रेस को महज 6 सीटें मिली हैं। बिहार चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के द्वारा खर्च किए गए पैसे को विधायकों की संख्या के लिहाज से बीजेपी को एक विधायक 1 करोड़ 64 लाख का पड़ा। वहीं कांग्रेस के सिर्फ 6 विधायक जीते हैं, इसके बाद कांग्रेस को एक विधायक 5 करोड़ 83 लाख का पड़ा।

### झोपड़ियां गांव में जलजीवन मिशन फेल

# 28 माह का 2.83 लाख बिजली बिल बकाया, ट्यूबवेल कनेक्शन कटा–165 घरों की जलापूर्ति ठप

स्मार्ट हलचल





**मंगरोप।** ग्राम पंचायत क्षेत्र के झोपड़ियां गांव में जलजीवन मिशन योजना पूरी तरह विफल होती नजर आ रही है।बिजली विभाग के करीब 28 महीनों के बकाया लगभग 2 लाख 83 हजार रुपए के बिजली बिल का भुगतान नहीं होने के कारण विभाग ने पांच दिन पूर्व ट्यूबवेल का विद्युत कनेक्शन काट दिया।इसके चलते झोपड़ियां गांव के करीब 165 घरों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार बकाया बिल जमा कराने के लिए पंचायत प्रशासन को अवगत कराया गया था।लेकिन पंचायत की ओर से इसे गंभीरता से नहीं लिया गया।आखिरकार विभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्यूबवेल का कनेक्शन काट दिया।जिससे गांव की जलापूर्ति बंद हो गई।महिलाओं को दूर दराज जाकर खेतों से पानी लाना पड़ रहा हैं।गीता देवी सुथार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए बराटिया रोड पर ट्यूबवेल लगाया गया था।इसी ट्यूबवेल से जलजीवन मिशन के तहत गांव के लगभग 165 घरों में नल कनेक्शन दिए गए थे।ट्यूबवेल की देखरेख और पानी सप्लाई के लिए गांव के ही युवक महेन्द्र सिंह को मासिक मेहनताने पर रखा गया है।उसके वेतन के भुगतान के लिए प्रत्येक कनेक्शनधारी परिवार से प्रति माह 100 रुपए लिए जाते हैं।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव में पानी की समस्या का स्थायी समाधान आज तक नहीं हो पाया है।तत्कालीन सरपंच रतनलाल गुर्जर के कार्यकाल में वर्ष 2008 में गांव में पानी की टंकी का निर्माण तो कराया गया,लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते यह टंकी आज तक शुरू ही नहीं हो सकी।ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि बकाया बिजली बिल का भुगतान कराकर ट्यूबवेल का कनेक्शन जल्द बहाल किया जाए,ताकि गांव में पेयजल आपूर्ति पुनः शुरू हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके। साथ ही वर्षों से बंद पड़ी पानी की टंकी को भी शुरू करने की मांग की है, ताकि भविष्य में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उधर, ग्राम विकास अधिकारी रामभवर सिंह राणावत ने बताया कि उक्त बकाया राशि का भुगतान करने का प्रयास कर रहे है शनिवार तक नल कनेक्शन सुचारू हो जाएंगे।

# नई गाड़ी, पुरानी बैटरी: टाटा कंपनी पर उठ रहे सवाल

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शहर में स्थित टाटा मोटर्स के शोरूम से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसने कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार बनेड़ा की सुप्रसिद्ध किसान कुल्फी के ऑनर जमनालाल माली ने आज ही टाटा कंपनी के शोरूम से नया ऑटो खरीदा था, लेकिन कुछ ही समय बाद उसमें बड़ी गड़बड़ी सामने आ गई।

बताया जा रहा है कि ऑटो खरीदने के बाद जब जमनालाल माली मांडल चौराहे की ओर पहुंचे तो अचानक नई ऑटो बीच रास्ते में ही बंद हो गई। नई गाड़ी के अचानक बंद होने पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने ऑटो की जांच की और बैटरी की फोटो भी ली। जांच में सामने आया कि नई ऑटो में पुरानी बैटरी लगी हुई थी, जिसे देखकर वे हैरान रह गए।

जमनालाल माली ने इस पूरे मामले की शिकायत कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों से की। शिकायत मिलने के बाद कंपनी के मिस्त्री मौके पर पहुंचे और पहले से लगी पुरानी बैटरी को खोलकर उसकी जगह नई बैटरी लगा दी। हालांकि इस घटना को लेकर जमनालाल माली ने नाराजगी जताई और कहा कि अगर नई बैटरी ही लगानी थी तो शुरुआत में पुरानी बैटरी क्यों लगाई गई।

उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से टाटा कंपनी के वाहनों के प्रशंसक रहे हैं और भरोसे के साथ नया ऑटो खरीदा था, लेकिन आज ही खरीदी गई नई गाड़ी में इस तरह की गड़बड़ी सामने आना बेहद गंभीर मामला है। उनका कहना है कि यह ग्राहकों के विश्वास के साथ खिलवाड़ है और इस तरह की लापरवाही से कंपनी की साख पर भी सवाल खड़े होते हैं।

इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और स्थानीय लोग भी इस मामले को लेकर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि नई गाड़ियों में इस तरह की अनियमितताएं सामने आती हैं तो ग्राहकों का भरोसा कमजोर हो सकता है। लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों की धरपकड़ के लिए चलेगा अभियान

### भार वाहनों का टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भार वाहनों का टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। इसके बाद परिवहन एंव सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से वाहनों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रमुख मार्गों पर 24 घण्टें चैकिंग के लिए उड़नदस्तों को नियुक्त कर सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान कर जमा नहीं कराने वाले वाहनों को जब्त किया जायेगा। वाहनों को जब्त किये जाने के पश्चात् वाहन का देय कर मय शास्ती जो वाहन के कर के बराबर हो सकती है वसूल किया जायेगा।


सभी भार वाहन स्वामियों को सूचित किया जा रहा हैं कि वाहन पर देय कर को 15 मार्च से पूर्व जमा करा देवे, जिससे वाहनों के विरूद्ध राज्य में चलाये जा रहे जांच अभियान में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। विभाग द्वारा बकाया वाहनों को चिन्हित किया गया है। बकाया वाहन स्वामियों को कार्यालय द्वारा पूर्व में नोटिस जारी कर अवगत कराया गया था। अब ऐसे वाहनों के पंजीयन प्रमाण निलम्बन की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही हैं। वाहन स्वामियों से करो की वसूली हेतु उनके स्वामित्व के अन्य वाहन अथवा अचल सम्पतियों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें भी जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि राजकीय अवकाशों के दिनों में भी कार्यालय खुले रहेगें। वाहन स्वामी अथवा अन्य के माध्यम से जमा करा सकते हैं। वाहन पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं।

# जोगणियाँ माता शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शंखनाद 19 मार्च से, 9 दिनों तक बहेगी भक्ति की सरिता

### घट स्थापना के साथ शुरू होंगे धार्मिक अनुष्ठान; श्रीमद् देवीभागवत, रासलीला और भजन संध्याएं होंगी मुख्य आकर्षण

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़





मेवाड़ और मालवा की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री जोगणियाँ माता शक्तिपीठ में इस वर्ष 'चैत्र नवरात्रि धार्मिक महोत्सव' भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। श्री जोगणियाँ माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान द्वारा आयोजित यह महोत्सव विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, गुरुवार 19 मार्च से शुरू होकर नवमी शुक्रवार 27 मार्च 2026 तक चलेगा। संस्थान ने महोत्सव की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं और श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है।

**घट स्थापना और कलश यात्रा से होगा शुभारंभ:**

महोत्सव का भव्य शुभारंभ 19 मार्च को प्रातः 9:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें वेद विद्यालय के विद्वान पंडित और बटुक शामिल होंगे। इसी दिन दोपहर 12:15 बजे अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना एवं ध्वज स्थापना का अनुष्ठान संपन्न किया जाएगा।

**9 दिनों तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम:**

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 1 बजे तक दैनिक श्रृंगार पूजन, अर्चन और आरती के दर्शन होंगे। मुख्य अनुष्ठानों में पंच कुण्डिय महायज्ञ, शतचण्डी पारायण, अखण्ड रामायण पाठ और श्रीमद् देवीभागवत का मूल पारायण शामिल है। साथ ही गायत्री शक्तिपीठ स्थल पर प्रतिदिन गायत्री पुरश्चरण एवं अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

**सांस्कृतिक और भक्तिमय संध्याएं:**

भक्तों के मनोरंजन और आध्यात्मिक लाभ के लिए प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा 'रासलीला' का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा:

21 मार्च (शनिवार): विशाल भजन संध्या (रात्रि जागरण)।

23 मार्च (सोमवार - पंचमी) : प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा भजन संध्या। 25 मार्च (बुधवार - सप्तमी): भक्तिमय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन संध्या।

26 मार्च (गुरुवार - अष्टमी) : महाष्टमी का विशाल जागरण (रातभर दर्शन सुविधा)।

शक्तिपीठ अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि महोत्सव का समापन 27 मार्च को नवमी के अवसर पर मध्याह्न 1:15 बजे पूर्णाहुति के साथ होगा। संस्थान के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

# डीएसटी व बड़लियास पुलिस की अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर जप्त



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना क्षेत्र में जिला स्पेशल टीम व बड़लियास थाना पुलिस ने आज दोपहर अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया । थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डीएसटी व पुलिस ने बड़लियास से सिगपुरा रोड़ पर अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया । इस कार्रवाई में दिवान बजरंग लाल, कांस्टेबल संदीप स्वामी, हरिराम शामिल थे।

# पेंशन प्रकरण की परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु पेंशन अदालत 27 अप्रैल को

### 25 मार्च तक पेंशनर्स परिवेदनाएं दे सकेंगे

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पेंशन निदेशालय जयपुर द्वारा 27 अप्रैल, 2026 को पेंशन अदालत का संभाग स्तर पर आयोजन किया जायेगा।

कोषाधिकारी डॉ. टीना रोलानियां ने बताया कि पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही प्रक्रियात्मक समस्याओं के समाधान के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स एवं 31 मार्च तक सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही समस्या के निराकरण हेतु निर्धारित प्रारूप में दिनांक 25.03.2026 तक कोष कार्यालय अथवा संबंधित उपकोष कार्यालय में परिवेदनाएं प्रस्तुत सकेंगे, जिनका निस्तारण संभाग स्तर पर पेंशन अदालत में किया जायेगा।

रोलानियां ने बताया कि परिवेदना प्रपत्र कोषाधिकारी कार्यालय एवं उपकोष कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता हैं एवं पेंशनर्स की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेंशनर्स समाज के सोशल मीडिया ग्रुप्स में भी प्रपत्र साझा किया गया है।

# रीट काउंसलिंग में फर्जी पीटीआई मार्कशीट का खुलासा, एसओजी ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** पीटीआई (शारीरिक शिक्षक) की फर्जी मार्कशीट तैयार कर उपयोग करने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसओजी ने इस मामले में ज्योतिराज सिंह राजपूत निवासी जामोली, योगेंद्र सिंह शक्तावत पीटीआई, सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंडेर, तथा ममता योगी निवासी सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ममता योगी के पति पंडेर स्थित संस्कृत स्कूल में अध्यापक हैं।

पंडेर थानाधिकारी कमलेश मीणा ने बताया कि योगेंद्र सिंह शक्तावत इस पूरे फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है, जो पीटीआई की फर्जी मार्कशीट तैयार करवाने और उन्हें उपलब्ध कराने का काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार रीट परीक्षा 2022-23 की काउंसलिंग के दौरान इन सर्टिफिकेटों का उपयोग किया गया था। जांच में ये सर्टिफिकेट फर्जी पाए जाने के बाद एसओजी ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसओजी की टीम फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह के माध्यम से कितने लोगों को फर्जी मार्कशीट उपलब्ध करवाई गई। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने की भी संभावना जताई जा रही है।

# जफर हुसैन टॉक बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष

### राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की अनुशंसा पर मिली बड़ी जिम्मेदारी; कार्यकर्ताओं ने कहा- संगठन को मिलेगी नई मजबूती

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़



अखिल भारतीय अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस में महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्तियाँ की गई हैं। इस फेरबदल के तहत मांडलगढ़ नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन जफर हुसैन टॉक को राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस का 'प्रदेश उपाध्यक्ष' नियुक्त किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष एम. डी. चोपदार द्वारा जारी इस नियुक्ति पत्र के बाद मांडलगढ़ सहित जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

**संगठन की मजबूती के लिए समर्पित:**

जफर हुसैन टॉक की इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। समर्थकों का मानना है कि टॉक के लंबे राजनीतिक अनुभव और उनकी सक्रियता से प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति से अल्पसंख्यक समाज से जुड़ी समस्याओं को अब सरकार और संगठन के समक्ष और अधिक प्रभावी तरीके से उठाया जा सकेगा।

**नेतृत्व का जताया आभार:**

प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद जफर हुसैन टॉक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और प्रदेशाध्यक्ष एम. डी. चोपदार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर खरा उतरेंगे और अल्पसंख्यक समाज के सशक्तिकरण एवं संगठन के विस्तार के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

जफर हुसैन टॉक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के ग्रामीण जिला अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई दी है। जिले के कई सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस नियुक्ति को मांडलगढ़ के लिए गौरव की बात बताया है।

# दो तस्करों 2-2 साल की सजा और 20-20 हजार के जुर्माने से दंडित



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा (करेड़ा)।** विशेष न्यायालय (एनडीपीएस एक्ट मामलों) के न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा ने अफीम तस्करी के एक पुराने मामले में कड़ा फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को 2-2 वर्ष के कारावास और 20-20 हजार के आर्थिक दंड से दंडित किया है।

यह मामला 1 अप्रैल 2019 का है। तत्कालीन थानाधिकारी करेड़ा, बिहारीलाल मय जाब्ता गश्त पर थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम भीलवाड़ा-करेड़ा-अमरपुरा तिराहे पर पहुंची और नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी, जिसे संदेह होने पर पुलिस ने रुकवाया।

कार की तलाशी लेने पर पुलिस को उसमें सवार दो व्यक्तियों के कब्जे से 700 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही अफीम को जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितो ने खुद को प्रेमचन्द गुर्जर पुत्र देवीलाल उर्फ देवा, निवासी ड़ेलास, थाना: रायपुर, ओर सुरेशलाल गुर्जर पुत्र प्रभुलाल गुर्जर, निवासी: वक्ता खेड़ा (रघुनाथपुरा धावजी का खेड़ा), आसीन्द बताया। मामले की जांच के बाद पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट पेश की। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने पैरवी की। उन्होंने दोष सिद्ध करने के लिए अदालत में 08 गवाह और 47 दस्तावेज पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सबूतों के आधार पर न्यायाधीश जगदीश प्रसाद शर्मा ने प्रेमचन्द और सुरेश को दोषी करार देते हुए 02-02 वर्ष का कठोर कारावास और 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# आसीन्द नगर में 2 दिवसीय पण्डित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय प्रशिक्षण महाअभियान शनिवार से

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह तँवर ने बताया कि भाजपा प्रदेश निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान आसीन्द में रॉयल वाटिका में कार्यशाला आयोजित की जाएगी ।

जिसमें भाजपा आसीन्द विधायक जब्बर सिंह साँखला, प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़, दूसरे सत्र में अमित सारस्वत सोशल मीडिया सरल ऐप्स नमो एप्स की जानकारी देंगे। अगले दिन भी प्रदेश एवं जिले से पदाधिकारी सत्र लेने इस कार्यशाला में पहुंचेंगे।

वर्ग प्रभारी गोपाल सिंह चुंडावत ने बताया कि प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। 14 मार्च से 15 मार्च तक 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा।

कार्यशाला में प्रशिक्षण मण्डल टोली मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभा संयोजक सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, पार्षद, पूर्व व वर्तमान जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# बिजोलिया के स्थानीय लोगों पर महज 5 किलोमीटर की दूरी पर ही टोल की आर्थिक मार, कस्बे वासियों में रोष

### उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन, नियमानुसार कार्यवाही की मांग

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** बिजोलिया कस्बे वासियों ने क्षेत्र के मंडोल बांध स्थित टोल प्लाजा पर स्थानीय कस्बे वासियों द्वारा टोल वसूलने के संबंध में उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सोपा।

कस्बे वासियों का कहना है कि बिजोलिया के मंडोल बांध स्थित स्टेट हाईवे पर टोल प्लाजा और बूंदी टोल प्लाजा के बीच की दूरी लगभग 26 किलोमीटर है, जबकि सामान्य नियमों के अनुसार एक टोल प्लाजा से दूसरे टोल प्लाजा की दूरी लगभग 60 किलोमीटर होनी चाहिए। इसके बावजूद यहां टोल वसूली की जा रही है जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक मार के साथ ही अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही स्थानीय निवासियों को टोल से निकलने में भी कई बार रोका जाता है, जबकि नियमानुसार आसपास के निवासियों को सुविधा/छूट मिलनी चाहिए। साथ ही टोल प्लाजा द्वारा दी जाने बनी रसीद (स्लिप) के र्क्‌/ स्कैनर को स्कैन करने पर भी सही जानकारी नहीं मिलती, जिससे रसीद के फर्जी होने की आशंका भी प्रतीत होती है।

ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र वासियों ने मांग की है कि मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा टोल प्लाजा की स्वीकृति, नियमों की पालना और टोल वसूली की वैधता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। यदि टोल वसूली नियमों के विरुद्ध पाई जाती है तो अवैध टोल वसूली को तुरंत बंद करवाया जाए और संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों/कंपनी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस दौरान अनिल राव मंडल अध्यक्ष कांग्रेस, यशवंत सिंह पुंगलिया, रणजीत सिंह कानावत, सेवा दल जिला महासचिव कुंज बिहारी मैहर एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, मनीष टॉक,विवेक नलवाया,मीवाश नलवाया, अक्षय कुमार, उमेश शर्मा, रजत, कैलाश धोबी आदि अनेक कस्बे वासी उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने घर की दशा सुधारने के लिए दशा माता की पूजा कर रखा व्रत

## पीपल वृक्षों पर पूजा के लिए रही महिलाओं की भीड़, धुलंडी से चल रहा दशामाता कथा मनोरथ हुआ पूर्ण, मांगी सुख शांति की कामना

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** शहर सहित जिलेभर में दशा सुधारने और खुशहाली की कामना के साथ दशा माता का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास से मनाया। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के दिन शुक्रवार को दशामाता का पूजन किया गया। धुलंडी से चल रहा दशामाता कथा मनोरथ पीपल पूजा के साथ पूर्ण हुआ। परिवार में आर्थिक स्थिति सुधारने और सुख-शांति के लिए महिलाओ ने दशा माता की पूजा की। दशामाता पूजन और व्रत परिवार को समस्याओं से मुक्ति प्रदान करने के साथ-साथ सुख, समृद्धि और सफलता देने वाला होता है। पूजा के तहत महिलाओं ने कच्चे सूत का 10 तार का डोरा लाकर उसमें 10 गांठ लगाई और पीपल वृक्ष के तने पर कुमकुम,





मेहंदी, लच्छा, सुपारी आदि से पूजा के बाद सूत लपेटा और पीपल के पेड़ की पूजा की। डोरे की पूजा करने के बाद पूजा स्थल पर नल दमयंती की कथा सुनी गई। इसके बाद इस डोरे को गले में धारण किया। पूजन के बाद महिलाओ ने घर पर हल्दी कुमकुम के छापे लगाए। महिलाएं आज व्रत रखते हुए एक ही समय भोजन ग्रहण करेगी। भोजन में नमक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इस दिन घर की साफ-सफाई करके कूड़ा, कचरा बाहर फेंक घर की दशा सुधारने का प्रयास किया। दशामाता का व्रत जीवन में जब तक शरीर साथ दे तब तक किया जाता है। साथ ही सफाई से जुड़े समान यानी झाडू आदि खरीदने की परंपरा है। गौरतलब है कि दशा माता का डोरा केवल धागा नहीं, बल्कि परिवार के सुरक्षा कवच और अटूट विश्वास का प्रतीक है, जिसे साल भर पहनकर समृद्धि की कामना की जाती है।

### आटे से बने आभूषण अर्पित किए

सास अपनी बहुओं के साथ आई और श्रद्धा से पीपल के पेड़ की कुमकुम, अक्षत, पुष्प आदि से पूजा की। माताजी को आटे से बने आभूषण अर्पित किए। गीत गाते हुए पीपल की परिक्रमा की और सूत के धागे को पीपल के चारों ओर लपेटा। घर में भोजन में चावल, लप्सी, कड़ी का माताजी को भोग लगाकर ग्रहण किया। इस दिन जो सूती धागा पेड व गले में बांधा जाता है उससे घर में सुख-शांति आती है। मान्यता है कि दशामाता व्रत को विधि-विधान से पूजन व्रत करने पर एक साल के भीतर जीवन से जुड़े दुख और समस्याएं दूर हो जाती हैं।

### कमला विहार के राधा-कृष्ण मंदिर में हुआ दशा माता पूजन

कमला विहार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में महिलाओं द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ दशा माता एवं पीपल माता का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर दशा माता डियाड़ा बावजी से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और धन-ऐश्वर्य के भंडार भरने की कामना की। लीला चेचाणी ने बताया कि पूजन के दौरान महिलाओं ने धार्मिक आस्था के साथ प्रार्थना कर परिवार की खुशहाली, उन्नति और मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। सत्यप्रभा सोमानी, पार्वती पटवारी, प्रतीक्षा पोरवाल, सुमन तिवारी, सीमा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही और सभी ने मिलकर दशा माता की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# नाली में मिला बछड़े का सिर, गौ सेवको में फैला आक्रोश



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

कस्बे के गुलाबपुरा मार्ग स्थित रेगर मोहल्ला क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को नाली में एक गोवंश के बछड़े का सिर मिला । इस बात से गौ रक्षा दल और गौ सेवकों मे आक्रोश फैल गया। मामलें कि सुचना पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मिलने पर लोग मौके पर जमा होने लगे। साथ ही मामलें कि सुचना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। शुक्रवार दोपहर को रेगर मोहल्ला क्षेत्र में नाली में एक गाय के बछड़े का सिर मिलने की सुचना पर गौरक्षा दल और गौ सेवक मौके पर पहुंचे। साथ ही इस मामले की सोशल मीडिया द्वारा जानकारी मिलने पर मौके लोगों का जमावड़ा लगने लगा । वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही बछड़े के सिर को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम हैतु अपने साथ ले गए।

गो रक्षा दल के दीपक वैष्णव महावीर माली के साथ ही राजाधिराज गोपाल चरण सिसोदिया जिला वालीवाल संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी देबीलाल माली भेरुलाल रेगर राजु वैष्णव शंकर लाल बालु लाल केलाश चंद्र प्रदीप सहित सहित अन्य जने मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति का पता लग सकेगा।

# अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन का शिकंजा, 9 सिलेंडर जब्त



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में रसद विभाग ने जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) मनीष भटनागर के नेतृत्व में शुक्रवार को मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में छापेमारी कर अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया गया।

रसद अधिकारी श्री भटनागर ने बताया कि विभागीय टीम को सूचना मिली थी कि सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस के समीप एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस ट्रांसफर करने का अवैध खेल चल रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर और प्रवर्तन अधिकारी मानसी पण्ड्या ने मौके पर औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही के दौरान टीम ने अवैध रिफिलिंग करते हुए पकड़ा और मौके से 9 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए। अधिकारियों के अनुसार, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी अत्यंत जोखिम भरा है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। विभाग ने सख्त चेतावनी दी है कि अवैध रिफिलिंग और गैस के दुरुपयोग में लिप्त लोगों के खिलाफ इसी तरह के कड़े कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिले तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# एमएलएसयू की वेबसाइट 14 घंटे तक ठप्प रही, निविदा में देरी को लेकर सवाल उठे

### लंबे समय तक व्यवधान के बाद निर्माणाधीन पृष्ठ दिखाई देता है

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) की आधिकारिक वेबसाइट लगभग 14 घंटे तक ऑफलाइन रही, जिससे विश्वविद्यालय के डिजिटल प्रबंधन को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई। कल रात से पोर्टल तक पहुंचने की कोशिश कर रहे छात्रों, शोधकर्ताओं और आवेदकों को वेबसाइट पूरी तरह से अनुपलब्ध मिली, जिससे कई शैक्षणिक और प्रशासनिक सेवाएं प्रभावित हुईं।

विश्वविद्यालय की वेबसाइटें परीक्षाओं, परिणामों, प्रवेश, सूचनाओं और अन्य शैक्षणिक अपडेट से संबंधित जानकारी के लिए प्राथमिक मंच के रूप में कार्य करती हैं। एमएलएसयू वेबसाइट के अचानक बंद होने से हजारों छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय की वेबसाइट के संचालन और रखरखाव से संबंधित अनुबंध की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी थी। यह भी पता चला है कि वेबसाइट का प्रबंधन करने वाली कंपनी को तीन महीने का विस्तार दिया गया था, ताकि विश्वविद्यालय को नई निविदा प्रक्रिया शुरू करने के लिए समय मिल सके।

हालांकि, राज्य निविदा पोर्टल की जांच से पता चलता है कि काफी समय बीत जाने के बावजूद वेबसाइट के संचालन के लिए अभी तक कोई नई खुली निविदा जारी नहीं की गई है । सरकारी प्रक्रियाओं में, सार्वजनिक कार्यों और सेवाओं को आम तौर पर खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से आवंटित किया जाना आवश्यक होता है, जिससे यह देरी प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है। विश्वविद्यालय के डिजिटल बुनियादी ढांचे का तकनीकी प्रबंधन कंप्यूटर केंद्र के निदेशक के अंतर्गत आता है, और लंबे समय तक चले इस व्यवधान ने प्रशासनिक तैयारियों और निरंतरता योजना के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। कई घंटों तक अनुपलब्ध रहने के बाद, वेबसाइट पर अब 'अंडर कंस्ट्रक्शन' पेज दिखाई दे रहा है, जिसे जानकारों का मानना है कि लंबे समय तक वेबसाइट बंद रहने के बाद जोड़ा गया है। इस कदम ने वेबसाइट बंद होने के कारणों को लेकर अटकलों को और हवा दी है। इस घटना ने विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर जवाबदेही को लेकर बहस छेड़ दी है। अब मुख्य प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या प्रशासन समय पर खुली निविदा जारी न करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगा, जिसके कारण विश्वविद्यालय की ऑनलाइन सेवाओं में व्यवधान उत्पन्न हुआ होगा।

# मेवाड़ की संस्कृति के रंग में रंगी फ्रांसीसी कलाकार, ऐना लॉरे पूलां ने उदयपुर में की दशा माता की पूजा

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराएं सात समंदर पार के कलाकारों को भी अपना कायल बना रही हैं। इसी क्रम में फ्रांस की प्रसिद्ध कलाकार ऐना लॉरे पूलां ने शुक्रवार को उदयपुर के हर्ष नगर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ दशा माता की पूजा-अर्चना की।




ऐना लॉरे, विरासत फोक डांस एंड पपेट शो की संचालिका विजयलक्ष्मी आमेटा के साथ उनके निवास के समीप स्थित मंदिर पहुंचीं। भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी रुचि दिखाते हुए ऐना सुबह 5 बजे ही उठकर पारंपरिक परिधानों में तैयार हुईं। हाथों में पूजा की थाली लेकर उन्होंने पीपल के वृक्ष की परिक्रमा की और दशा माता की कथा सुनकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। भारतीय त्योहारों को करीब से जानने की उत्सुकता में ऐना ने इससे पहले शीतला सप्तमी के पर्व पर भी हिस्सा लिया था। उन्होंने न केवल पूजा की विधि समझी, बल्कि इस दिन खाए जाने वाले पारंपरिक ठंडा भोजन (बास्योड़ा) के महत्व और उससे जुड़ी मान्यताओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

# हमीरगढ़ में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 20 को

## नव निर्मित बाबा रामदेव मंदिर शिखर पर कलश स्थापना एवं विशाल शोभायात्रा का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बा स्थित भीलवाड़ा दरवाजा रेगर मोहल्ला स्थित नव निर्मित बाबा रामदेव मंदिर में रैगर समाज के तत्वावधान में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश स्थापना महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के तहत 16 मार्च से धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी,जबकि 20 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।आयोजन समिति के अनुसार 16 मार्च सोमवार को प्रातः 9 बजे विनायक स्थापना के साथ हवन,पाठ और पूजा का शुभारंभ होगा।इसके बाद 19 मार्च गुरुवार को रात्रि 9:15 बजे सत्संग एवं भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।मुख्य कार्यक्रम 20 मार्च शुक्रवार को अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश स्थापना के साथ सम्पन्न होगा।इससे पूर्व सुबह 7:15 बजे मंदिर परिसर से जल कलश एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न संत भागीरथ महाराज(आसींद), नारायणराम




महाराज(नरवर,अजमेर), हंसराज महाराज(पोटला), लादूराम महाराज(उदलपुरा), मांगीलाल महाराज(राजनगर) आदि उपस्थित रहेंगे। जोधपुर के आचार्य धनाराम पुरण शास्त्री अनुष्ठान का संचालन करेंगे।कार्यक्रम के दौरान रेलवे स्टेशन रोड स्थित नरसिंह वाटिका में महाप्रसादी का आयोजन होगा।आयोजनकर्ताओ ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आयोजित धार्मिक महाकुम्भ में शामिल होने की अपील की है।

# रायला में 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन के रखरखाव कार्य के चलते बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

स्मार्ट हलचल| रायला

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड रायला के सहायक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि रायला के 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन पर आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते शनिवार 14 मार्च 2026 को विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान 33 केवी ग्रिड सब स्टेशन जसवंतपुरा, मेघरास, झांतल, डाबला, रायला, रूपाहेली, बनेड़ा, सरदार नगर और कमालपुरा के साथ ही 33 केवी गायत्री फीडर (मॉर्डन मिल, सुवालका इंडस्ट्रीज, साईलीला




सिंथेटिक्स, लक्ष्मी विलास, स्वाम आदि इंडस्ट्रीज) से निकलने वाले सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

इसके कारण बनेड़ा क्षेत्र, रायला क्षेत्र और डाबला क्षेत्र में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता द्वारा दी गई।

# गरीबों के हत्यारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लगे नारे, ग्राम सरपंच और वार्ड पंचों के पक्ष में सर्व समाज ने दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** ग्राम पंचायत मांडल के सरपंच एवं जनता द्वारा चुने गए 35 वार्ड पंच प्रतिनिधियों पर कुछ अतिक्रमणकारियों तथा निजी स्वार्थ और पारिवारिक वैमनस्यता से प्रेरित लोगों द्वारा निराधार एवं अनर्गल आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत पंचायत जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल करने और प्रशासन व आमजन को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि इस प्रकार की गतिविधियों से कस्बे में सामाजिक वैमनस्य और टकराव का माहौल बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है।



इसी के विरोध में ग्राम हित को ध्यान में रखते हुए सर्व समाज एवं विभिन्न संगठनों के बैनर तले नीलकंठ महादेव मंदिर से रैली निकाली गई। रैली के रूप में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने उपखंड अधिकारी संजना जोशी को ज्ञापन सौंपकर कस्बे में सामाजिक वैमनस्य फैलाने तथा ग्राम सरपंच और वार्ड पंचों पर बिना प्रमाणिकता के करोड़ों रुपये के गबन के लगाए जा रहे आरोपों की जांच की मांग की।

साथ ही मांडल थाने में थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस आयुष श्रोत्रीय को भी रिपोर्ट दी गई, जिसमें राकेश सारस्वत और रजिया बानू व अन्य 15 से 20 लोगों के खिलाफ सामाजिक वैमनस्य फैलाने तथा सरपंच पर 25 लाख रुपए की मांग के आरोप लगाकर मानहानि करने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई।

इस दौरान सर्व समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जनप्रतिनिधियों के समर्थन में आवाज उठाई और ज्ञापन सौंपा।

# बनेड़ा क्षेत्र में दशा माता पर्व, महिलाओ ने रखा वृत, सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

कस्बे तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को दशा माता पर्व के अवसर पर महिलाओं ने समुह के रूप मे दशा माता के प्रतिक के रूप में पीपल के पेड़ की पुजा अर्चना के साथ परिवार कि सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करने के साथ ही बुजुर्ग महिलाओं से दशा माता की कहानियां सुनने के साथ ही आशीर्वाद लिया। बबराणा आमली सुल्तानगढ सालरियाकला राक्षी बरण बल्दरखा सरदारनगर कंकोलिया महुआखुर्द भटेडा मुशी घरटा डाबला कासोरिया सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में दशा माता श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

# राजस्थान सेवा निवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान की बैठक आयोजित, सामूहिक समस्या पर हुई चर्चा

## प्रदेश वरिष्ठ सचिव इस्माइल कायमखानी का किया स्वागत, प्रदेश वरिष्ठ सचिव ने दिया संगठन को मजबूत करने व सुचारू रूप से चलाने हेतु मार्गदर्शन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सर्किट हाउस भीलवाड़ा में किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की विभिन्न समस्याओं तथा उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सौभाग्य सिंह सोलंकी सेवा निवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने की। जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शर्मा के सानिध्य में आयोजित बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के दौरान प्रदेश वरिष्ठ सचिव इस्माइल कायमखानी के भीलवाड़ा आगमन




पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण कर मेवाड़ी पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की सामूहिक समस्या पर चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की उपार्जित अवकाश का समय पर भुगतान, कोर्ट में पेशी पर जाने वाला का यात्रा भत्ता जिला स्तर पर करने पर चर्चा कर प्रदेश संगठन को अवगत करवाया गया। सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं और उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति जताई। बैठक का संचालन महासचिव गोपाल लाल शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल लाल, लक्ष्मण सिंह राजावत उपाध्यक्ष, कन्हैया लाल शर्मा, विक्रम सिंह, भंवरू खान, यूनिस खान, ओम प्रकाश सोनी, ओम प्रकाश वैष्णव, जगमाल सिंह, सत्यनारायण शर्मा, सत्यनारायण सिंह नरूका, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चिराग अली, हरीशंकर पारीक, मोहम्मद अली, गोरधन सिंह, अनिल महाजन, शंकर लाल, लाल मोहम्मद, शौकत खान कायमखानी सहित 35 से 40 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश वरिष्ठ सचिव इस्माइल कायमखानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं को सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचकर उनका समाधान करवाना है। उन्होंने सभी सदस्यों से संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव कायमखानी द्वारा संगठन को मजबूत करने व सुचारू रूप से चलाने हेतु मार्गदर्शन भी दिया तथा प्रदेश स्तर पर संगठन द्वारा अपने कार्य कलापों के बारे सभी को जानकारी दी गई। जिस पर मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने आगामी दिनांक 22 मार्च 2026 को होली स्नेह मिलन का आयोजन पुलिस लाइन संतोषी माता मंदिर में करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सौभाग्य सिंह द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खाखले से भरा ट्रक पलटा, विद्युत पोल के तार टूटे, विद्युत आपूर्ति हुई ठप

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** जयपुर काकरोली स्टेट हाइवे न 12 पर भीलवाड़ा मार्ग पर गुरुवार रात्री जोगियो के बाग स्थित विकट मोड़ पर खाखले से भरा ट्रक पलट गया। जिसके कारण पास मे लगे एक विधुत पोल के तार टूट गए। जिसके कारण मानपुरा और इन्दिरा कोलोनी क्षेत्र की विधुत आपुर्ति पुरी रात ठप्प रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा मार्ग पर 12 मार्च की रात्रि के करीब 10 बजे खाखले से भरा एक ट्रक भीलवाड़ा की और जा रहा था। विकट मोड़



पर ट्रक असतुलित होकर के पलट गया। पलटे ट्रक के कारण पास मे लगे विधुत पोल के तार टूट जाने के कारण मानपुरा और इन्दिरा कोलोनी की विधुत आपुर्ति ठप्प हो गई। जिसके चलते दोनों बस्तियों के लोगों को पुरी अंधेरे में गुजारने को मजबूर होना पड़ा। रात्रि में ठप्प विधुत आपुर्ति शुक्रवार दोपहर सुचारू हुई।

# ले चले हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार तक...केसरी बाना सजाके वीर का श्रृंगार कर

## सुविवि: राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 साल पर स्वरांजलि प्रस्तुतियों ने मोहा मन-दी देशभक्ति गीतों ने बाँधा समाँ

## -इंदौर के पंडित गौतम काले संग हुई सुरों से साधना, कुलगुरु बोले...जो देश से जुडा उसके लिए राष्ट्र प्रथम

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के तत्वावधान में देशभक्ति गीतों से ओतप्रोत 'शताब्दी स्वर- वन्देमातरम्' स्वरांजलि संगीत उत्सव में देश भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रबंध अध्ययन संकाय (एफएमएस) सभागार में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में इंदौर के पंडित गौतम काले के नेतृत्व में व संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ पामिल मोदी के साथ समूह के 24 सदस्यों ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां से सभी का मन मोह लिया।

स्वरांजलि में गौतम काले ने देशभक्ति, राष्ट्र प्रेम और वंदेमातरम के समकालीन तत्वों के साथ बलिदानियों की भावनाएं और उनके देशभक्ति के जज्बें को शब्दों, सुरों और संगीत के माध्यम से संगीत प्रस्तुतियों को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला बाल विकास राज्यमंत्री प्रो मंजू बाघमार उपस्थित थीं। अध्यक्षता कुलगुरु प्रो बीपी सारस्वत ने की।

### सांगीतिक प्रस्तुतियों से उठी देशभक्ति की लहर:

कार्यक्रम की शुरूआत में पं काले एवं डॉ पामिल मोदी एवं समूह ने मातृ भू की आराधना-वंदना 'वसुंधरा परिवार हमारा' प्रस्तुत किया। इसके बाद ' हमें वीर केशव मिले आप जब से, हमें साधना की नई डगर मिल गई... पेश कर समा बाँध दिया। 'निर्मल पाएँ भावना यही राष्ट्र आराधना ' प्रस्तुति में देश के प्रति बलिदान होने वाले क्रांतिकारियों की देश के प्रति मनोस्थितियों को उजागर किया। 'पूज्य माँ की अर्चना की एक छोटा उपकरण हूँ ' प्रस्तुति में संदेश दिया कि जब समाज को वीर केशव जैसे प्रेरणादायक नेता और मार्गदर्शक मिलते हैं, तब लोगों में देशसेवा, त्याग



और अनुशासन की भावना जागृत होती है। उनके विचारों और आदर्शों से प्रभावित होकर लोग अपने जीवन को राष्ट्र के हित में समर्पित करने के लिए प्रेरित होते हैं। वहीं, एक अन्य प्रस्तुति 'मन समर्पित, तन समर्पित और ये जीवन समर्पित, चाहता हूँ मातृभ तुझको अभी कुछ और भी दूँ । गीत एकता, साहस और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। उनके मार्गदर्शन से लोग सही दिशा में आगे बढ़ते हैं और देश व समाज के लिए कुछ करने का संकल्प लेते हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में 'ले चले हम राष्ट्र नौका को भंवर से पार तक केसरी बाना सजाये वीर का श्रृंगार कर' प्रस्तुतियां भी पेश की गई जिन्हें सुनकर प्रतिभागियों में देशभक्ति की लहर उठी और भारत माता की जय के नारे लगने लगे।

इस संगीत कार्यक्रम में पंडित काले एवं शामिल मोदी के साथ हिमांशी शिमली, हिमांक गंधर्व, तितिक्षा आर्य, ज्योतिबाला स्वर्णकार, अंजलि जैन, प्रिया सुथार, सुमित मोंडल, देवेश मालव, निखिल कुमार सात्संगी, मनीषा दाधीच, प्रभात गरासिया, आदर्श नायक, अमिताभ जैन, चेतना मकवाना, कीर्ति सेठ, मनीषा पवार, निकुंज गुप्ता, प्रज्ञा शर्मा, सावन गर्ग, वंशिता पांडे, विशाल राठौड़, धनंजय ध्रुव ने कोरस में गीत प्रस्तुत किए। गिटार पर हर्ष वर्धन धांधड़ा, तबला पर हृतिक कुमावत, हरिओम तिवारी, हारमोनियम पर जितेश सोलंकी, ऑक्टोपैड पर भेरू, कीबोर्ड पर विजय धांधड़ा ने संगत की।

### जो देश से जुडा, उसके लिए राष्ट्र प्रथम: कुलगुरु

कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो बीपी सारस्वत ने कहा कि संघ के सौ साल की यात्रा एक ऐसी कठिन यात्रा है जिसमें लोगों ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। तब जाकर सौ साल का यह वटवृक्ष खडा हुआ है। सही मायने में जो व्यक्ति देश से जुडा रहता है उसके लिए राष्ट्र प्रथम होता है। हर नागरिक को राष्ट्र प्रथम के लिए देश से जुडे रहना चाहिए। वहीं प्रो मंजू बाघमार ने कहा कि जब तक लोगों के लिए राष्ट्र प्रथम रहेगा तब तक समाज और संस्थाएं सुरक्षित रहेंगी। समाज और संस्थाएं सुरक्षित रहेंगे तो सभी सुरक्षित रहेंगे। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो मीरा माथुर, कुलसचिव डा वीसी गर्ग, वित्त नियंत्रक गिरीश कच्छारा, , परीक्षा नियंत्रक मुकेश बारबर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अलका मूंदड़ा पूर्व जिला प्रमुख शांति लाल मेघवाल, पूर्व कुलपति प्रोफ़ेसर उमाशंकर शर्मा, भाजपा के प्रदेश प्रतिनिधि प्रमोद सामर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ केविभाग संघ चालक हेमेन्द्र श्रीमाली, संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा प्रेम भंडारी, प्रोफ़ेसर साधना कोठारी, प्रोफ़ेसर महीप भटनागर सहित विश्वविद्यालय के सभी डीन, डाइरेक्टर्स, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने पोस्टर विमोचन किया।

# जनजाति छात्रावास व आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 22026-27 के लिए विभागीय छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनजाति छात्रावास व आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 21 फरवरी 2026 से शुरू हो चुका हैं, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 मार्च 2026 को किया जाएगा तथा परीक्षा के प्राप्तांक 26 मार्च तक पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इसी प्रकार खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन ट्रायल 24 से 25 मार्च 2026 तक आयोजित होगा और ट्रायल में प्राप्त अंकों को भी 26 मार्च तक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद 30 मार्च 2026 को ऑनलाइन वरीयता सूची जारी कर छात्रों को छात्रावास अथवा आवासीय विद्यालयों का आवंटन किया जाएगा।

प्रथम सूची के चयनित विद्यार्थियों को 1 से 4 अप्रैल 2026 तक संबंधित छात्रावास या आवासीय विद्यालय में रिपोर्टिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। रिक्त पदों की स्थिति में 7 अप्रैल 2026 को द्वितीय सूची जारी की जाएगी, जिसके बाद 7 से 9 अप्रैल 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राएं अधिकतम पांच विद्यालय या छात्रावास के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

# हरियाणा रोडवेज बस का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



लाडपुरा से जयपुर जाने के लिए शुक्रवार से एक हरियाणा रोडवेज बस का शुभारंभ हुआ हे। जो चितौड़ से जयपुर के रास्ते नारनौल हरियाणा जाएगी। लाडपुरा गांव में लगभग प्रातः 6 बजकर 30 मिनिट पर पहुंचेगी और 11 बजकर 30 मिनिट पर जयपुर पहुंचेगी। सायंकाल 7 बजकर 20 मिनट पर लाडपुरा आएगी जो दिन में 1 बजे जयपुर से चलेगी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** नेशनल हाईवे 758 पर सवाईपुर व ढ़ेलाणा गांव के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दो जने गंभीर घायल हो गए, घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि सवाईपुर व ढ़ेलाणा के बीच डेयरी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक टक्कर मार दी, जिसमे छगन पिता भुरा मेघवंशी 32 वर्ष निवासी भीलवाड़ा जेल व एक अन्य दुसरा युवक घायल हो गया । दोनों गंभीर घायलों को सवाईपुर 108 एंबुलेंस से मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया । मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# कमला विहार के राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ दशा माता पूजन



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

कमला विहार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में महिलाओं द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ दशा माता एवं पीपल माता का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर दशा माता डियाड़ा बावजी से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और धन-ऐश्वर्य के भंडार भरने की कामना की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लीला चेचाणी ने बताया कि पूजन के दौरान महिलाओं ने धार्मिक आस्था के साथ प्रार्थना कर परिवार की खुशहाली, उन्नति और मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर सत्यप्रभा सोमानी, लीला चेचाणी, पार्वती पटवारी, प्रतीक्षा पोरवाल, सुमन तिवारी, सीमा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही और सभी ने मिलकर दशा माता की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# भीलवाड़ा के प्रसून काबरा बने सीबीडीटी में नेशनल कॉर्डिनेटर

## हैदराबाद में आयकर विभाग में कमिश्नर पद पर कार्यरत, विभागीय खेल गतिविधियों का करेंगे राष्ट्रीय स्तर पर समन्वय

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा निवासी, आयकर विभाग में कमिश्नर प्रसून काबरा (आईआरएस) को, सेंट्रल बोर्ड ऑफ ड्रेक्ट टैक्स नई दिल्ली द्वारा नेशनल कॉर्डिनेटर, (बास्केटबॉल) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में प्रसून काबरा हैदराबाद, तेलंगाना में आयकर विभाग में कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से भीलवाड़ा सहित पूरे राजस्थान में खुशी का माहौल है। सीबीडीटी द्वारा उन्हें विभागीय खेल गतिविधियों के अंतर्गत बास्केटबॉल से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेशनल कॉर्डिनेटर के रूप में वे देशभर में आयकर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने, प्रतियोगिताओं के आयोजन और विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेंगे। प्रसून काबरा की इस उपलब्धि को भीलवाड़ा के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है। शहर के सामाजिक, खेल एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# रमजान के 23वें रोज़े पर हमीरगढ़ में आखिरी जुमे की नमाज अदा की, अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे में पवित्र माह रमजान के 23वें रोज़े के अवसर पर शुक्रवार को आखिरी जुमे की नमाज नए बाजार स्थित जामा मस्जिद में पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के नमाजी मस्जिद पहुंचे और देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी।

नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी तथा समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर मस्जिद परिसर में आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला।



इसी के साथ कस्बे के बाजारों में भी ईद-उल-फितर को लेकर रौनक बढ़ने लगी है। लोग कपड़े, मिठाई और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी करते नजर आ रहे हैं तथा त्योहार की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

नए बाजार स्थित जामा मस्जिद के इमाम साहब ने अपने बयान में कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से जकात और फितरा अदा करने के साथ जरूरतमंदों की मदद करने, समाज में प्रेम और भाईचारा बनाए रखने तथा अच्छे कर्म करने की अपील की।

इमाम साहब ने बताया कि यदि 29 रमजान को चांद नजर आ जाता है तो अगले दिन ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। वहीं चांद दिखाई नहीं देने की स्थिति में 30 रोजे पूरे कर उसके अगले दिन ईद का पर्व मनाया जाएगा।

# महिलाओं ने दशामाता पूजन किया

## पति की लम्बी आयु की कामना कर मांगा दरिद्रता से मुक्ति का वरदान



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे के कवि नगर,रेलवे स्टेशन क्षेत्र,घाटी मोहल्ला,सब्जी मंडी सहित मंगरोप कस्बे में शुक्रवार को दशामाता व्रतधारी महिलाओं ने मां का पूजन कर पति की लम्बी आयु एवं घर में सुख समृद्धि की कामना की।सुबह से ही घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया जो कि शाम 3 बजे तक चलता रहा।महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूजा स्थल पर पहुंचीं जहां दशामाता की कथा सुनकर दशामाता का पूजन का पूजन करके विधिवत धागा पूजन,जल अर्पण कर बेल को गले में धारण कर प्रसाद ग्रहण किया।ईस दौरान महिलाओं ने समूह में भजन-कीर्तन भी किए,जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।व्रतधारी हमीरगढ़ कस्बे की महिला रामकन्या कुमावत ने बताया कि दशामाता का व्रत रखने से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है तथा संतान की रक्षा होती है।उन्होंने कहा कि महिलाएं हर वर्ष पूरे श्रद्धाभाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ यह व्रत रखती है।दशामाता मंदिर पर दिनभर श्रद्धालु। महिलाओं की आवाजाही बनी रही। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को व्रत की शुभकामनाएं देते हुए प्रसाद ग्रहण किया।कथा वाचन के दौरान शांता देवी, भंवरी देवी, दुर्गा सोनी, कल्पना शर्मा,कमलेश बड़वा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित।

# गरीबो, यतीमो व जरूरतमंदों को सदका व फितरा अता करे जिससे वो खुशी से ईद मना सके-मौलाना शाल आलम

## माहे रमजान का महीना सबसे पवित्र महीना, रोजेदारों के सब्र का कड़ा इम्तेहान

स्मार्ट हलचल| काछोला

रमजान के महीने को लेकर मुस्लिम समुदाय उत्साह देखने को मिल रहा है। जहां बच्चे ,महिलाएं,बुजुर्ग एवं नोजवान मोमीन का रमजान माह शुरू होते ही रोजेदारों के सब्र का कड़ा इम्तेहान चल रहा है तथा भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम में पड़ने वाले रमजान का कोई भी रोजा 11 से 12 घंटे से कम का नहीं होता है।

जामा मस्जिद काछोला में तरावीह कि नमाज पढ़ा रहे मौलाना मोहम्मद शाह आलम अशरफी ने बताया कि हर बार आखिरी के रोजे से पहले की अपेक्षा तुलना से छोटे थे लेकिन इस बार रमजान के आखिरी तक रोजे का समय बढ़ता ही जाएगा। उन्होंने बताया कि गुनाहों से तोबा कर अल्लाह की



इबादत करने का खासा महीना है।।

उन्होंने ने रमजान महीने के बारे बताते हुए कहा कि रमजान महीने का रोजा कोई इंसान बिना किसी वाजिब वजह के छोड़ दे तो वह पूरी जिन्दगी रोजा रखकर भी उसका सवाब नहीं पा सकता है। रोजे का मतलब होता है कि तकवा, तकवा यानि अपने आप को बुराइयों से बचाते हुए भलाई का अपनाना इंसान रोजा रखकर ऐसा बनने कोशिश करता है, जैसे उसे रब चाहता हो रमजान का महीना बेहद पाक व रहमतों वाला होता है। मौलाना शाह आलम ने बताया कि रोजा इसलिए रखा जाता है कि भूख प्यास, का एहसास हो और लोग अपने मन पर काबू करना सीख सके। ऐसे करने से आपको दूसरों की भूख का भी एहसास हो सके।

जहां रमजान के महीने में कुरान-ए-पाक शरीफ, आन-बान,मान और शान से उतारी गई थी। इसलिए रमजान का महीना इस्लाम मजहब से सबसे पाक, पवित्र एवं कुरान का महीना भी कहा जाता है। रमजान के महीने में अल्लाह बंदों के लिए रहमतों के दरवाजे खोल देता है,उनकी झोली भर देता है और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर देता है।अपने गुनाहों की माफी व तौबा के लिए आने वाले तीसरे असरे 21 से 30 यानी दस दिन मस्जिद में एतकाफ में बैठ अपने गुनाहों की माफी मांगे और काफी इबादत करे और शबे कद्र की ताक रातों 21 वी,23 वी,25 वी,27 वी,29 वी शबे कद्र पर इबादत करें।

वही गरीबो,यतीमो और जरूरत मन्दो के लिए सदका,फितरा अदा करे जिससे वो भी अपनी ईद खुशी से मना सके।

# नानी बाई रो मायरो 15 मार्च से

## भव्य फाग महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओ में उत्साह

स्मार्ट हलचल| काछोला



कस्बे के धर्म नगरी काछोला में प्रथम बार भव्य फाग महोत्सव और नानी बाई रो मायरो को लेकर श्रद्धालुओ को बैठक हुई।बैठक में 15 मार्च से 17 मार्च तक होने वाले कार्यक्रम हेतु कमेटियां बनाई गई। आयोजक आप और हम सदस्यों ने बताया कि 15 मार्च रविवार को कलश यात्रा चारभुजा मंदिर से शुरू होगी जो विभिन्न गली मोहल्ले से गुजरती हुई कलश यात्रा आयोजन स्थल बाग के बालाजी मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।कलश यात्रा में पंडित विष्णु श्री कृष्णतन्य जी महाराज के सानिध्य में भजन प्रवाहक शानू कबीरा व हर्षिता मालू द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालु तैयारियों में जुटे हुए है। इस अवसर डॉ कैलाश चन्द्र वैष्णव,रमेश चन्द्र काष्ट, महावीर बसेर,भगवान काष्ट, भैरु लाल मंत्री,घनश्याम पोरवाल सहित आदि कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु रुपरेखा को अंतिम रूप देते हुए।

# लाडपुरा में श्रद्धा से मनाया गया दशा माता का पर्व, महिलाओं ने किया व्रत-पूजन

## महिलाओं ने पीपल की पूजा कर मांगी घर-परिवार की खुशहाली, श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया दशा माता पर्व

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे सहित क्षेत्र में दशमी शुक्रवार को दशा माता का पूजन किया। कस्बे में स्थित धाकड़ मोहल्ले में बालाजी मंदिर के पास पीपल में दशामाता का वास मानकर महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। महिलाओं ने शुक्रवार को घर में सुख-शांति, समृद्धि तथा आर्थिक उन्नति की कामना को लेकर दशामाता का व्रत रखा गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा कर कर दस कहानियों का श्रवण किया गया। पीपल में दशामाता का वास मानकर लहंगा और चुनरी ओढ़ाई जाती है। महिलाएं व्रत उपवास कर 10 कहानियां सुनती है एवं पति की लंबी उम्र की कामना करते हैं। अनुसार महिलाएं पूजन को अति शुभ माना जाता है। शीतला सप्तमी के दो दिन बाद दशामाता के शुरुआत होती है। महिलाएं पीपल की पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। दशामाता का व्रत रखते हुए सुरक्षा धागा बेल दशा धारण किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना कर परिक्रमा करते हुए



सूत का पतला धागा लपेट श्रीफल चढ़ाए। महिलाओं ने दशामाता की कथा का श्रवण किया और गले से पुराना धागा उतार दशामाता का नवीन धागा धारण किया। महिलाओं ने घरों में घी के मोदक बनाए और मातारानी को भोग लगाया। तत्पश्चात बुजुर्ग महिलाओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक परिधान में सज धज कर पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की और कच्चे सूत का धागा लपेटकर पूजन किया। साथ ही व चुनरी ओढाकर आटे व हल्दी से बनी सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। बुजुगों के अनुसार यह परंपरा कई पीढ़ियों से चली आ रही है। पीपल के वृक्ष में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए पीपल की पूजा करने से न केवल पुण्य प्राप्त होता है बल्कि पित्तरों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना कर नेवेध्य एवं भोग लगाकर इसे परिवार की दशा को अनुकूल रखने और आरोग्यता को बनाए रखने की कामना के साथ प्रसाद के रूप में ग्रहण किया गया। कथा श्रवण के बाद महिलाओं द्वारा घर के बड़ों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दशामाता पर्व बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया।

# लोक अदालत, बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं पोक्सो एक्ट की विधिक जानकारी दी



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** तालुका विधिक सेवा समिति बिजौलिया अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर आज राष्ट्रीय लोक अदालत एवं बाल विवाह रोकथाम बाल विवाह के बाल विवाह के दुष्परिणाम फॉक्स एक्ट की विधिक जानकारी दी गई जिसमें पीएल1 राम बाबू माथुर पीएल1 सुनीता नायक स्टोन सिपर मैनेजर प्रशांत सी सीगलीगर, अंकुर शर्मा सहायक मैनेजर मनोज गुप्ता टोनू मेवाड़ा बलवंत बंजारा देवेंद्र गहलोत देवेंद्र राजावत आदित्य शुक्ला सतीश लखन विजवर्गी लोकेश शर्मा महेश चौधरी महेश माली दुर्गा शंकर खटीक हेमंत राठौड़ उपस्थित रहे।

# ब्यावर में केंद्र सरकार की नीतियों, महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन

## मोदी का पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में शहर के प्रमुख केंद्र चांगगेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के आह्वान पर जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। हजारों की संख्या में जुटे कांग्रेसजन, कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और आम नागरिकों ने रसोई ठंडी पड़ने की पीड़ा को केंद्र तक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर हुंकार भरी।

जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी का संबोधनः धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ जो 'ट्रेड डील' की है, वह देश की बर्बादी के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने जैसा है। लेकिन सबसे बड़ा संकट अभी रसोई गैस का है। घरेलू सिलेंडर में 60 की भारी बढ़ोतरी और कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अघोषित रोक ने आम परिवारों की रसोई को ठंडा कर दिया है। शादी-विवाह के सीजन में ढाबे, होटल, रेस्तरां और छोटे व्यवसाय ठप हो रहे हैं। आने वाले समय में गैस और पेट्रो पदार्थों का भयंकर संकट खड़ा होगा, जिसकी जिम्मेदार पूरी तरह मोदी सरकार है। ' पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा ने कहा कि केंद्र की विफल विदेश नीति के कारण खाड़ी में फंसे भारतीयों की वापसी नहीं हो रही और ईंधन संकट गहरा रहा है, जिसका सीधा असर गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ रहा है। पूर्व विधायक माणक डाणी ने कहा कि गैस की किल्लत और बढ़े दाम आमजन के साथ क्रूर मजाक हैं। शादी-विवाह के सीजन में कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे, जिससे सामाजिक आयोजन प्रभावित हो रहे हैं।

अन्य प्रमुख वक्ता:कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भरत बाघमार, कपासन प्रभारी आशीषपाल पदावत, कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, सेवादल राष्ट्रीय सचिव कल्पना भटनागर, प्रदेश सचिव सोहन मेवाड़ा, पीसीसी सचिव नवनीत सिंह टुटेजा, पीसीसी सदस्य सहदेव सिंह रावत, वाजिद खान चीता, पूर्व सभापति शांति डाबला व गोविंद पंडित, ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, अनुसूचित जाति विभाग जिलाध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोलीवाल, जवाजा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मसिंह भाटी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साँखला, एनएसयूआई अध्यक्ष जयदीप रावत सरपंच महेन्द्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान लाल मोहम्मद, पूर्व पार्षद भुवनेश शर्मा, रामनिवास सेन, नागराज राव, दयालराम गुर्जर सहित कई अन्य नेताओं ने उद्बोधन दिया।

प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता: पूर्व नेता प्रतिपक्ष दलपतराज मेवाड़ा, राजेन्द्र ओस्तवाल, राजेन्द्र बाबेल, मोहन खत्री, एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव एडवोकेट सुलक्षणा शर्मा, महिला ज़िलाध्यक्ष इशिका जैन, शोभा चौधरी, जान्हवी भारवानी, अल्पसंख्यक विभाग ज़िलाध्यक्ष अज़मत काठात, बशीर मोहम्मद, अब्दुल रज़्ज़ाक़, शमशुद्दीन काठात, खेलकूद प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फिरोज़ काठात, रज़्ज़ाक़ काठात, जिला परिषद सदस्य रासासिंह रावत, ताराचंद भट्ट, गणपत जलवानिया, शेरसिंह जाट, कालू काठात, नेमाराम मेहरा, गंगा रावत, अशराफ काठात, मुकेश काठात, कान्हा पंवार, नवीन गर्ग, मनीष सामरिया, हनुमान चौधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक रांका, चेतन भट्ट, रामस्वरूप डागर, मुकेश जोशी, रामलाल लखन, जीवराज जावा, मुकेश लखन, शाकिर कुरेशी, ऋषि लाम्बा, सुरेंद्र सिंह रावत, सुनील चौहान, सरदारा काठात, अशोक पंडित, राकेश साहू, जगदीश कुमार जवाजा, रणजीत सिंह, हरिसिंह परिहार, प्रवीण बडोला, देवकरण शर्मा, टीकम सिंह कड़ीवाल, मदनमोहन त्रिपाठी, सोहनलाल सोनेल, सरपंच राजेश पंवार, इस्लाम काठात, आजाद काठात सहित पीसीसी/डीसीसी पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और हज़ारों ऊर्जावान कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने किया।

### कार्यक्रम का समापनः

धरना-प्रदर्शन के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजन और आम नागरिकों ने एक सुर में राष्ट्रगान गाया। इसके पश्चात् मानव शृंखला बनाकर जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया, जो केंद्र सरकार की जन-विरोधी नीतियों, गैस संकट, महंगाई और अमेरिका ट्रेड डील के प्रति गहरा असंतोष प्रदर्शित करने का प्रतीक था।

# गैस सिलेंडर की कीमतों व सप्लाई में कमी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन-सरकार के खिलाफ नारेबाजी





स्मार्ट हलचल

**टोंक।** सरकार की ओर से रसोई गैस के बढ़ते दामों और एलपीजी गैस की सप्लाई में कमी को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय घंटाघर पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आमजन पर बढ़ते महंगाई के बोझ को कम करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों से आम परिवारों की रसोई का बजट बिगड़ गया है, वहीं एलपीजी सिलेंडर की समय पर आपूर्ति नहीं होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से गैस की कीमतों में राहत देने और नियमित सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सऊद सईदी, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, निवाई के पूर्व विधायक कमल लोधा, कांग्रेस मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इम्तियाज खान, कांग्रेस देहात ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती कैलाशी देवी मीणा सहित जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेड़ता रोड-रतनगढ़ रेल सेवा के नियमित संचालन को स्वीकृति

स्मार्ट हलचल | राजसमंद



राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ के निरंतर प्रयासों से क्षेत्रवासियों को बड़ी रेल सुविधा प्राप्त हुई है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ी संख्या 048 51/04852 मेड़ता रोड-रतनगढ़ के नियमित संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अब यह रेल सेवा गाड़ी संख्या 74827/74828 मेड़ता रोड-रतनगढ़ के रूप में नियमित रूप से संचालित की जाएगी।

सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस रेल सेवा के नियमित संचालन के लिए रेल मंत्री से पूर्व में भेंट कर क्षेत्र की जनता की मांग को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से मारवाड़ तथा आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा से जुड़े लोगों को विशेष लाभ होगा। श्रीमती मेवाड़ ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार हेतु उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नई रेल सेवाएं और अधोसंरचना विकास के कार्य स्वीकृत होंगे।

# सावर में गैस एजेंसी पर प्रशासन का औचक निरीक्षण, स्टॉक व सप्लाई व्यवस्था मिली संतोषजनक

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** जिला कलेक्टर के निर्देशों पर शुक्रवार को सावर तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने कस्बे में संचालित राधे कृष्णा गैस एजेंसी तथा उसके गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लेना था।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार वैष्णव ने गैस सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। जांच में पाया गया कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की सप्लाई समय पर दी जा रही है और क्षेत्र में किसी प्रकार की गैस की कमी नहीं है। गोदाम में भी पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध पाए गए तथा मांग के अनुसार नियमित आपूर्ति की जा रही है।

एजेंसी प्रबंधन के अनुसार सावर क्षेत्र में कुल 17,238 गैस कनेक्शन हैं, जिनमें से 8,661 कनेक्शन उज्ज्वला योजना के तहत हैं। वर्तमान में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 930 रुपये है। ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में दो बार गैस सप्लाई की जा रही है, जबकि सावर कस्बे के शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन डोर-टू-डोर डिलीवरी दी जा रही है। गैस बुकिंग के लगभग 25 दिन बाद डिलीवरी की व्यवस्था है।

निरीक्षण के दौरान एजेंसी पर उपभोक्ताओं का आवागमन सामान्य पाया गया और उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया भी सकारात्मक रही। वहीं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए भी कॉमर्शियल सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाए गए, जिससे किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान को सिलेंडर की कमी के कारण बंद नहीं करना पड़ा है। तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव ने गैस एजेंसी मैनेजर मुकेश मूंदड़ा सहित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और गैस वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखी जाए। इस दौरान सावर थाना प्रभारी राधेश्याम चौधरी भी निरीक्षण के समय मौजूद रहे।

# पीपल वृक्ष के नीचे गूंजी दशा माता की कथा, सावर में महिलाओं ने श्रद्धा से की पूजा-अर्चना



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** कस्बे सहित आसपास के गांवों में शुक्रवार को महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ दशा माता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा।

कस्बे में महिलाएं नए-नए परिधान पहनकर गणगौरी घाट स्थित चौक में एकत्रित हुई, जहां पीपल के वृक्ष के नीचे विधि-विधान के साथ दशा माता की पूजा की गई। पूजा के दौरान महिलाओं ने दशा माता की कथा श्रवण की तथा अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की।

दशा माता की पूजा को लेकर दिनभर श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लगी रही, जिससे गणगौरी घाट क्षेत्र में मेले जैसा माहौल नजर आया। महिलाएं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा करती हुई दिखाई दीं और पूरे क्षेत्र में भक्ति व आस्था का माहौल बना रहा।

# पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी

स्मार्ट हलचल




**टोंक/अलीगढ़।** पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आधिकारिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया पिछले वर्षों की तुलना में पहले शुरू की जा रही है, ताकि समय पर प्रवेश देकर नया शैक्षणिक सत्र सुचारू रूप से प्रारंभ किया जा सके।

पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अलीगढ के प्रधानाचार्य सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 मार्च से 23 मार्च 2026 तक किए जा सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की सूची एवं रिक्त सीटों का प्रकाशन 24 मार्च को किया जाएगा। यदि किसी कक्षा में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो चयन 25 मार्च को लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों की सूची 27 मार्च को विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी, जबकि प्रवेश प्रक्रिया 28 मार्च से शुरू होगी। नया शैक्षणिक सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। आवेदन शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भरे जाएंगे। अभिभावक विद्यालय परिसर में लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर भी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 1 में सभी सीटों पर नए प्रवेश होंगे, जबकि कक्षा 2 से 12 तक केवल रिक्त सीटों पर ही प्रवेश दिया जाएगा। नए प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा पूर्व कक्षा की मार्कशीट व टीसी (यदि लागू हो) आवश्यक दस्तावेज होंगे। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से समय पर आवेदन करने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्ययन का लाभ ले सकें।

# महुवा पुलिस ने बैटरी चोरी का मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र मीना को किया गिरफ्तार

## आरोपी के खिलाफ 19 मामलों में पहले से नामजद

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** जिला पुलिस अधीक्षक दोसा सागर राणा के निर्देशन में थाना महुवा पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीना को गिरफ्तार किया है।

आरोपी वीरेंद्र उर्फ विक्रम मीणा अव्वल दर्जे का बदमाश बताया जा रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, चोरी व अवैध हथियार सहित 19 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश , जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा हेमन्त कलाल के निर्देशानुसार वृत्ताधिकारी महुवा मनोहरलाल मीना के सुपरविजन में महुवा थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम ने 12 मार्च को यह कार्रवाई की।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी के एक साथी मांगीलाल मीना को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा चोरी की गई चार बैटरियां भी बरामद कर ली गई हैं। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और गिरफ्तार आरोपी से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

ग़ौरतलब है कि पीड़ित प्रेमसिंह पुत्र धीरसिंह राजपूत निवासी रौत ने 8 जनवरी 2026 को थाना महुवा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 दिसंबर 2025 की शाम उसने अपना ई-रिक्शा घर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन सुबह देखा तो अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शा से चार बैटरियां और एक स्पीकर चोरी कर ले गए। इस पर थाना महुवा में प्रकरण संख्या 18/2026 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस टीम ने जांच के दौरान मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र उर्फ विक्रम मीना (25) निवासी हडिया, थाना महुवा जिला दौसा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अस्थाई अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने को लेकर नगर पालिका व पुलिस प्रशासन ने चलाया अभियान



स्मार्ट हलचल

महुवा। महुवा उपखंड मुख्यालय के मंडावर रोड पर नगर पालिका महुवा व पुलिस प्रशासन ने यातायात में बाधित करने वाले रोड पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को समझाइश कर अस्थाई निर्माण को हटाने के निर्देश जारी किए जिसके चलते कुछ दुकानदारों ने अपना सामान हाथों-हाथ हटा कर पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।

महुवा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा महुवा पुलिस थाने के सी आई राजेंद्र कुमार मीणा ने नगर पालिका कर्मी व पुलिस कर्मियों के साथ शुक्रवार को महुवा हाईवे रोड़ो सहित कस्बे में बढ़ते हुए अतिक्रमण को रोकने की दिशा में कार्रवाई करते हुए मंडावर रोड सड़कों के किनारे दुकानदारों द्वारा अपना सामान फैला कर यातायात को बाधित करने वालों को समझाइश कर रोड़ों के अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किए वही अस्थाई अतिक्रमण करने वालों को अपने अतिक्रमण नहीं हटाने पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के बाबत उन्हें सूचित किया।

इस दौरान प्रशासन द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने के निर्देशों के बाद कुछ दुकानदारों ने तो मौके से हाथों-हाथ अपना अस्थाई अतिक्रमण सहित सामान हटा लिया वही नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा की गई अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्रवाई की लोगों ने सराहना करते हुए मुख्य बाजार सहित अन्य जगह भी इस प्रकार के अभियान चलाने की मांग की है जिसे कहीं पर भी लोगों को आने-जाने की और सुचारू रूप से यातायात की व्यवस्था में कोई रुकावट नहीं हो।

# विराटनगर में बस स्टैंड हनुमान बगीची विराटनगर में नेशनल हाईवे 248ए को लेकर उच्च न्यायालय के आदेश पर मीटिंग का आयोजन

## सेंटर से 75 मी दोनों तरफ लगभग 550 फीट के दायरे में सबको अवैध करार का मामला

स्मार्ट हलचल

**विराटनगर।** विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र में बस स्टैंड हनुमान बगीची विराटनगर में नेशनल हाईवे 248ए को लेकर उच्च न्यायालय के फैसले में सेंटर से 75 मी दोनों तरफ लगभग 550 फीट के दायरे में सबको अवैध करार दिया गया है इसके विरोध में विराटनगर के जितने भी प्रभावित है सभी व्यापारी वर्ग किसान वर्ग व आवासीय आम जनता की उपस्थित में मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग की अध्यक्षता काशीराम जी सैनी ने की मीटिंग में हाईकोर्ट के तुगलकी आदेश के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया व राजस्थान सरकार में जो हमारे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक महोदय व सांसद महोदय है उनको मंच के माध्यम से विराट नगर में इस संकट की घड़ी में सरकार के समक्ष अपनी बात उठाने को कहा व हमको राहत किस प्रकार मिले यह मीटिंग में चर्चा की गई मीटिंग में आगामी 16 तारीख वार सोमवार 11 बजे हनुमान बगीची बस स्टैंड विराटनगर में एक बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा इसमें सरकार को जगाने के लिए एक उग्र आंदोलन किया जाएगा व एसडीम महोदय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें विराटनगर में 75 मीटर से राहत दिलाने मुआवजे की राशि मार्केट रेट से करने और विराटनगर में पूर्व में प्रस्तावित बाईपास को धरातल पर लाने के लिए कई बिंदु पारित किए गए सभी की सर्व समिति से आगामी 16 तारीख को मीटिंग में आगे की रूपरेखा बनाने की बात कही गई व रविवार को हाईवे पर माइक अलाउंस के द्वारा इसको प्रचारित करने का निर्णय लिया गया मीटिंग में बृजमोहन सैनी अमरनाथ जी गुरुजी जगदीश जी यादव भेरुजी सैनी ठेकेदार जी संतोषी सैनी अध्यक्ष जतनजी जयराम जी गुर्जर वकील विकास जी हेमराज जी सभी वक्ताओं ने अपनी बात मंच के माध्यम से रखी मीटिंग में भागीरथ जी बाबूजी रामनाथ जी सैनी धोनीलाल जी गुर्जर कानसिंह जी मीणा काशीराम जी सैनी बीरबल जी सैनी संतोष जी जैन रिकब जी जैन दिनेश जी सोनी प्रेम जी सैनी देशराज जी सैनी नागेंद्र जी शर्मा वकील गुरुशरण जी वकील राजू जी सैनी सरपंच सुशील भाई लालचंद मीणा गोपी जी चोरिया व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# सब-इंस्पेक्टर का हृदय गति रुकने से निधन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के ग्राम मोरोड़ी निवासी सीआरपीएफ सब-इंस्पेक्टर मोहर सिंह गुर्जर का छत्तीसगढ़ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की 196 यूनिट में तैनात थे। उनका पार्थिव शरीर शनिवार दोपहर तक उनके पैतृक गांव मोरोड़ी पहुंचने की संभावना है, जहां उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहर सिंह गुर्जर पुत्र मूलाराम गुर्जर का निधन गुरुवार देर शाम हुआ। उनकी यूनिट में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वे 8 मार्च को लगभग 20 दिन की छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौटे थे।

# अखिल ब्राह्मण महासभा में होली स्नेह मिलन समारोह, भजन-संगीत और फूलों की होली के बीच उमड़ा उत्साह

स्मार्ट हलचल | कोटा




विज्ञान नगर स्थित अखिल ब्राह्मण महासभा भवन में शुक्रवार को अखिल ब्राह्मण महासभा द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह में भजन मंडली ने भक्तिमय भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को सरस बना दिया, जिस पर उपस्थित समाजजनों ने भी आनंदपूर्वक सहभागिता निभाई।

महामंत्री नन्दकिशोर शर्मा ने बताया कि समारोह में समाज के सदस्यों ने आपसी स्नेह और सौहार्द के साथ होली पर्व का उल्लास साझा किया। वहीं महिला मंडल अध्यक्ष एडवोकेट कल्पना शर्मा ने बताया कि महिला मंडल की ओर से फूलों की होली खेली गई तथा महिलाओं और पुरुषों ने भजनों पर नृत्य कर समारोह को उत्सवी रंग प्रदान किया। संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संदीप शर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम की पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी एवं समाजसेवी गीता शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का पर्व है। ऐसे स्नेह मिलन समारोह समाज को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ प्रेमपूर्वक रहने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदैव देशवासियों को शिक्षित और दीक्षित करने की जिम्मेदारी निभाई है तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्रवाद के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज भी समाज को राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के लक्ष्य में मार्गदर्शक भूमिका निभानी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि सुमन श्रृंगी ने कहा कि होली का त्योहार सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश देता है। अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा में ब्राह्मण समाज की अग्रणी संस्था है, जो पूरे समाज को संगठित करने की क्षमता रखती है।

अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोटा में ब्राह्मण समाज के पास यह एकमात्र छोटा सा भवन है, जिसका उपयोग सामाजिक गतिविधियों के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने ऐसे समाजोपयोगी भवनों पर भी यूडी टैक्स लगाया था, जिसे वर्तमान सरकार ने हटाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक इसे समाप्त नहीं किया गया है। इसे शीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ब्राह्मण समाज को उन्नति के शिखर तक पहुँचा सकते हैं।

समारोह में एडवोकेट मदन मोहन शर्मा, गोपाल शर्मा, नरेश पालीवाल, वैद्य रघुनंदन शर्मा, प्रमोद पालीवाल, अंबिका शर्मा, माया शर्मा, राजेन्द्र मोहन गौतम, रमेश शर्मा, राजीव पाण्डेय, मनोज शर्मा, सूरज लता शर्मा, डॉ. सुशीला जोशी, उर्मिला गौतम, रेखा पालीवाल, गीता शर्मा, मीना दाधीच, बबीता भार्गव, सावित्री गौतम, यामिनी कंटू, ज्योति पाण्डेय, संगीता शर्मा सहित अनेक समाजजनों ने सहयोग एवं सहभागिता निभाई।

# भार वाहनों के कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

स्मार्ट हलचल | उदयपुर


भार वाहनों के वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 15 मार्च 2026 तक कर जमा नहीं करवाने वाले यात्री एवं भार वाहनों में बकाया कर वसूली के लिए परिवहन विभाग द्वारा 16 मार्च 2026 से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के लिए सात उड़नदस्तों का गठन किया गया है जो 24 घण्टे गश्त पर रहेंगे। अभियान के दौरान बकाया कर वाले वाहनों की मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही की जाकर जुर्माने सहित कर वसूला जाएगा। कर वसूली के लिए कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। किसी भी आवश्यक सहयोग के लिए कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहेंगें। इसी तरह बीएच सीरीज के वाहनों यथा कार एवं दुपहिया वाहन जिनका द्विवार्षिक कर बकाया हो गया है, उन पर भी प्रतिदिन 100 रुपये की पेनल्टी आरोपित है। अतः ऐसे वाहन स्वामी भी अपने वाहन का बकाया कर अविलम्ब जमा करवाएं। जो वाहन टीआरसी (अस्थायी पंजीयन प्रमाण-पत्र) पर संचालित हो रहे है, उनके संचालन अवैद्य मानते हुए जब्ती की कार्यवाही की जावेगी। ऐसे वाहनों का अविलम्ब पंजीयन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराई बड़ा हादसा टला

## सड़क के किनारे लगे पोल दे रहे प्रशासन को चुनौती





स्मार्ट हलचल | लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के देईखेड़ा से गुजर रहे कोटा दौसा मेगा हाईवे पर शुक्रवार देर शाम को एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई जिससे पोल क्षतिग्रस्त होकर जमीन में गिर गया, कार की गति कम रहने से कार सवार सकुशल बच गए और बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवाई माधोपुर से कोटा की और जा रही कार मेगा हाइवे सडक पर आजन्दा पेट्रोल पंप के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे निकल रही घाट का बराना जीएसएस के विद्युत पोल से टकरा गई जिससे विद्युत पोल टूट गया, गनीमत की बात यह रही की विद्युत लाइन का तार टूटकर कार पर नहीं गिरा नहीं तो बडा हादसा हो सकता था। ग्रामीण भेरू सिंह सोलंकी, सोहन गुर्जर, सियाराम गुर्जर आदि ने फीडर इंचार्ज जगदीश चौधरी को घटना की सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई जिसके बाद कार को जेसीबी मशीन से बाहर निकाला गया।

### एक महीने में दूसरा हादसा

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में मेगा हाइवे सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से वाहनों के टकराने का यह दूसरा मामला है, यहां लगे सड़क किनारे के विद्युत पोल हादसों का सबब बन गए है, प्रशासन ने वाहन चालको की सुरक्षा की अनदेखी कर करीब 15 किलोमीटर की दूरी में सड़क के एक मीटर की दूरी पर ही विद्युत पोल लगा दिए है जो किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकते है।

# जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने पंचायत समिति सभागार में गई जनसुनवाई

## हेलेना रोड श्मशान घाट से क्षतिग्रस्त सड़क को सही करवाने के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल



**भरतपुर।** वैर पंचायत समिति सभागार में जिला कलेक्टर भरतपुर ने जनसुनवाई की। जन सुनवाई में जिला कलेक्टर कमर चौधरी उपस्थिति के अतिरिक्त उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी भानु शर्मा प्रशिक्षु आई ए एस , बिजली विभाग, पंचायत समिति, खाद्य सुरक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी , सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के अलावा जिला कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनसुनवाई में रसद विभाग के तीन, पंचायत समिति के पांच , नगर पालिका वैर से एक, परिवाद मिला । नगर पालिका से पट्टा होने के बाद तहसील से समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं होने का परिवाद सुरेश चंद पुत्र जगन लाल जाति जांगिड़ वार्ड नंबर 17 ने जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें कलेक्टर ने, वैर तहसीलदार भानु शर्मा को इस पर रजिस्ट्रेशन करने का आदेश दिया । जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें खाली जगह को साफ करवाने के लिए नगर पालिका वैर से कहा गया एवं छात्रावास में पानी की सुविधा नहीं होने पर समस्त पानी उपलब्ध कराने के दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा भुसावर गेट से बाबडी वाले हनुमान जी के मंदिर तक जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़क को सही करवाने के लिए प्रार्थना पत्र नगर पालिका के पार्षद मुकेश कुमार सैनी ने दिया जिसमें बताया कि पहले भी उपखंड अधिकारी एवं संभागीय आयुक्त एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी ज्ञापन दिये गये लेकिन आज तक सड़क का जीर्णोद्धार नहीं हो सका। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए । उप जिला अस्पताल पर पर्ची खिड़की पर धूप आने पर सामने टीन शेड लगवाने के दिए निर्देश दिए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की जन सुनवाई में आए परिवादो पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए इसके बाद जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ जनसंपर्क किया गया।

# महावीर जयंती वार्षिक मेले के दौरान श्री महावीरजी स्टेशन पर दो ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

## 27 मार्च से 03 अप्रैल 2026 तक यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्था

स्मार्ट हलचल | कोटा

महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस को निर्धारित अवधि के लिए कोटा मंडल के श्री महावीरजी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि महावीर जयंती वार्षिक मेला-2026 के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 12925/12926 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का श्री महावीरजी स्टेशन पर 27 मार्च 2026 से 03 अप्रैल 2026 तक कुल 8 दिनों के लिए अस्थायी ठहराव दिया जाएगा। इस अवधि में ट्रेन संख्या 12925 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस दिनांक 26 मार्च 2026 से 02 अप्रैल 2026 के मध्य श्री महावीरजी स्टेशन पर प्रातः 04.36 बजे आगमन तथा 04.38 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस दिनांक 27 मार्च 2026 से 03 अप्रैल 2026 के मध्य श्री महावीरजी स्टेशन पर रात्रि 20.50 बजे आगमन तथा 20.52 बजे प्रस्थान करेगी।

रेल प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था महावीर जयंती मेले के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिससे उन्हें यात्रा में सुविधा मिल सके। यात्रियों से अपील है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति, समय एवं ठहराव की अद्यतन जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# सुहागिनों ने पीपल की पूजा कर सूत के धागे से बांधी खुशहाली की कामना

## महिलाओं ने सामूहिक रूप से सुनी राजा नल व रानी दमयंती की कथा; परिवार की सुख-समृद्धि के लिए रखा निर्जला व्रत

स्मार्ट हलचल



**मांडलगढ़/गेणोली।** कस्बे सहित गेणोली क्षेत्र में चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि पर शुक्रवार को दशा माता का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और अटूट श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपनी और परिवार की 'दशा' सुधारने तथा सुख-समृद्धि की कामना को लेकर व्रत रखा और पीपल व बरगद के वृक्षों की देव स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की।

प्रातः काल से ही गेणोली में उत्सव का माहौल नजर आया। सुहागिन महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर देवनारायण भगवान मंदिर परिसर स्थित पीपल के वृक्ष के पास एकत्रित हुईं। महिलाओं ने विधि-विधान से वृक्ष का पूजन किया और कुमकुम, हल्दी व मेहंदी के थापे लगाकर खुशहाली की कामना की।

### कच्चे सूत का डोरा और परिक्रमा की परंपरा:

पूजन के दौरान महिलाओं ने कच्चे सूत के तार का डोरा बनाकर उसमें दस गाठें लगाईं और पीपल के पेड़ की दस बार परिक्रमा की। परिक्रमा के पश्चात पवित्र सूती धागे को पेड़ के तने पर लपेटा गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से बैठकर राजा नल और रानी दमयंती की पौराणिक कथा सुनी। महिलाओं ने दशा माता से प्रार्थना की कि वे परिवार पर आने वाले सभी संकटों को दूर करें और घर में रिद्धि-सिद्धि का वास हो।

# ब्राह्मण कल्याण परिषद ने यूपीएससी टॉपर अग्निहोत्री का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल | कोटा

ब्राह्मण कल्याण परिषद कोटा के पदाधिकारी यूपीएससी टॉपर डॉ अनुज अग्निहोत्री के रावतभाटा स्थित निवास पर पहुंच कर उसका सम्मान किया।

ब्राह्मण कल्याण परिषद के पदाधिकारी ने डॉ अनुज अग्निहोत्री को पगड़ी, दुपट्टा,माला पहनाकर शुभकामनाएं दी। साथ में उनके पिता, माता, दादा, दादी को भी दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया।

डॉ अनुज ने बताया कि नियमित अध्ययन,अनुशासन, आत्मविश्वास ही सफलता का मूलमंत्र है।

इस अवसर पर ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी, शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, लाडपुरा अध्यक्ष लोकेश गौतम, समाजसेवी अरुण भार्गव, रॉयल क्लब के अध्यक्ष एस एन शर्मा श्रीमान गर्ग रावतभाटा, उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा पप्पू, केके दुबे, अनिल शर्मा एवं महिला कार्यकारिणी उपस्थित थे।

# बेस्ट एम्प्लॉयर्स अवार्ड समारोह में कोटा के वी.के. जेटली सम्मानित

## चार श्रेणियों में 41 संस्थाओं को मिला सम्मान, उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई व सहकारिता मंत्री गौतम दक रहे मुख्य अतिथि

स्मार्ट हलचल | कोटा



एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश की उत्कृष्ट औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को बेस्ट एम्प्लॉयर्स अवार्ड से जयपुर में सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग राज्यमंत्री केके विश्नोई तथा सहकारिता मंत्री गौतम दक उपस्थित रहे।

अवार्ड समारोह में चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदेश की 41 संस्थाओं को ट्रॉफी, दुपट्टा और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी अवसर पर पोद्दार पिगमेंट के एस.एस. पोद्दार और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक फतेहपुरिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

समारोह में कोटा के करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन व इम्प्लॉयर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के मुख्य सलहाकार वी.के. जेटली को भी सम्मानित किया गया। जेटली ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर समाज और औद्योगिक क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है।

अवार्ड समिति के अनुसार, जूरी द्वारा चयनित औद्योगिक संस्थानों और शैक्षणिक प्रतिष्ठानों को सम्मानित करने का उद्देश्य उनके संघर्ष, उपलब्धियों और सफल जीवनयात्रा को समाज के सामने लाना है, ताकि उनकी प्रेरक कहानियाँ लाखों लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकें। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे सम्मान समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्यजन, उद्योगपति और शिक्षाविद बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हिंडौन सिटी में ईद की नमाज़ को लेकर अहम बैठक, नमाज़ सुबह 8:30 बजे होगी



स्मार्ट हलचल

**हिंडौन सिटी।** दिनांक 13 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे शहर की गाड़ी वाली मस्जिद में उलेमा-ए-कराम और वक्फ कमेटी के जिम्मेदारों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईद की नमाज़ के इंतजाम और व्यवस्था को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शहर की ईदगाह में ईद-उल-फित्र की नमाज़ सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि सुबह 8:00 बजे से मुफ्ती अब्दुल हमीद साहब का बयान शुरू होगा, जिससे नमाज़ से पहले लोगों को दीन की नसीहत और रहनुमाई मिल सके।

कमेटी की ओर से शहर के तमाम मुस्लिम भाइयों से अपील की गई है कि वक्त की पाबंदी के साथ समय पर ईदगाह पहुंचें, ताकि बयान से भी फायदा उठाया जा सके और नमाज़-ए-ईद मुकम्मल इंतजाम के साथ अदा हो सके।

इस मौके पर शहर इमाम हफीज सफी, शहर वक्फ कमेटी सदर बब्बू भाई, मौलाना मुजाहिद, कारी नईम, मुफ्ती अब्दुल हमीद, हफीज बाबुद्दीन, हफीज जुम्मा, हफीज सईद, मौलाना अनस, मुफ्ती इमरान, हाफिज हासिम, मौलाना हुजफा, रफीक खान, भीकम जी, आमिर कुरैशी, सद्दाम कुरेशी व शहर के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में तीन जोड़ों का हुआ विवाह

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** भवानीमंडी में भारत विकास परिषद, आदर्श शाखा द्वारा आयोजित निःशुल्क तृतीय आदर्श सर्वजनितीय सामूहिक सरल विवाह सम्मेलन का आयोजन 13 मार्च 2026, शुक्रवार को श्री गोलालिया परिसर, उषा कॉलोनी में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में इस वर्ष तीन जरूरतमंद जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नवीन माहेश्वरी निर्देशक एलन कोचिंग इंस्टिट्यूट कोटा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री श्रद्धा गोमे उपखण्ड अधिकारी रही । कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि डॉ जे के अरोड़ा, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव कमल सुरेखा, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी रहे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन जी ने मुक्त कंठ से परिषद के आयोजन की सराहना करी और समाज में इस प्रकार के आयोजन की महता पर प्रकाश डाला । सुश्री श्रद्धा गोमे ने परिषद की प्रशंसा करते हुए सामाजिक समरसता के इस आयोजन की प्रशंसा की । क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल ने नंदम्पति को सुखमय एवं आनंदित जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया । प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी भारत विकास परिषद के माध्यम से चलने वाले सेवा प्रकल्पों पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि पिछले 3 वर्षों के कुल 19 परिवारों को परिषद के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया गया है । शाखा अध्यक्ष डॉ राजदीप सिंह छाबड़ा ने स्वागत उद्बोधन दिया । वही सीए महक गुप्ता रीजनल इंटरनल ऑडिटर ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव यश नाहर ने किया एवं व्यवस्था संयोजक शाखा कोषाध्यक्ष तरंग गुप्ता रहे । कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई और भारत विकास परिषद के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की । सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, अनावश्यक खर्चों को कम करना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना रहा । सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं ।

सम्मेलन के सफल आयोजन में कार्यक्रम संयोजक हर्ष भूतड़ा, सह संयोजक हेमंत सोनी, मधुर बाफ़ना, अंकित परिहार, राजेश गोटेवाला, महिला संयोजक विनीता राठी, शिप्रा मानधना, डॉ अवि छाबड़ा सहित आदर्श शाखा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न समितियों के सदस्यों का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम के अंत में नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक गृहस्थी सामग्री भेंट कर उनके नए जीवन की सुखद शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दी गई । इस आयोजन ने समाज में सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना को और अधिक सशक्त करने का संदेश दिया।

# एलपीजी के दुरूपयोग पर 71 सिलेंडर जब्त

स्मार्ट हलचल



**बारां।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए जिले में एलपीजी दुरूपयोग और अवैध भण्डारण, कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग इत्यादि के विरूद्ध रसद विभाग के विशेष प्रवर्तन दल द्वारा बारां में 9 प्रवर्तन कार्यवाही कर 12 सिलेण्डर, अंता मे 2 प्रवर्तन कार्यवाही कर 7 सिलेण्डर, मांगरोल मे 9 प्रवर्तन कार्यवाही कर 12 सिलण्डर एवं सीसवाली मे 2 प्रवर्तन कार्यवाही कर 2 सिलण्डर, किशनगंज मे 7 प्रवर्तन कार्यवाही कर 10 सिलेण्डर, शाहबाद मे 2 प्रवर्तन कार्यवाही कर 5 सिलेण्डर छब्बडा मे 1 प्रवर्तन कार्यवाही कर 4 सिलेण्डर तथा उपखण्ड अधिकारी छीपाबडौद द्वारा छीपाबड़ौद मे 12 प्रवर्तन कार्यवाही कर 19 गैस सिलेण्डर कुल 44 प्रवर्तन कार्यवाहियों को अंजाम देकर 71 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

इनमें बारां शहर मे दिनेश कचौरी सेंटर तालाब पाडा, रामहेत चाय वाला माथना रोड, मदीना रेस्टोरेंट, अंजूमन चौराहा, दैविक कैफे एवं जूस कॉलेज रोड, लखदातार रेस्टोरेंट प्रिया हॉस्पीटल के पास, महावीर भांग ठेका माथना चौराहा, करण टी स्टॉल, श्री कृष्णा चाय नमकीन कॉलेज रोड, देवकृपा दूध डेयरी मांगरोल में रॉयल रेस्टोरेंट, माही सनराईज बैकर्स, मधु मिष्ठान भंडार, जोधपुर मिष्ठान भंडार, मोहम्मदी नोनवेज, कुणाल रेस्टोरेंट, शर्मा रेस्टोरेंट, सोनू रेस्टारेंट सीसवाली में लोकेश स्वीट्स, अपना रेस्टोरेंट छीपाबडौद में अपनी चाय, गोविन्दलाल होटल, ग्रीन गार्डन ढाबा, याराना ढाबा, जसराज ढाबा, याराना टी स्टॉल, सांवरिया टी स्टॉल, रूकमणी फैमेली रेस्टोरेंट, दीपेश फास्ट फूड, कमलेश टी स्टॉल, पप्पू टी स्टॉल, महावीर टी स्टॉल छब्बडा में हलवाई की दुकान पर कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही मे आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं एलपीजी (वितरण आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 का उल्लघंन पाये जाने पर विभागीय नियमानुसारं नजदीकी गैस एजेन्सी को सुपुर्द कर प्रकरण तैयार किए जा रहे है। साथ ही जिला रसद अधिकारी विश्वजीत सिंह ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिले मे घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा नियमित एलपीजी आपूर्ति प्राप्त हो रही है। आम उपभोक्ता अनावश्यक भण्डारण न करे तथा गैस उपयोग में मितव्यतता बरतने तथा वैकल्पिक साधनों सोलर कुकर, इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हा इत्यादि का प्रयोग करें। एलपीजी दुरूपयोग और अवैध भण्डारण, कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग इत्यादि की सूचना प्राप्त होने पर 181, 112 तथा उपभोक्ता मामलात की हैल्पलाईन नंबर 14435 तथा जिला कन्ट्रोल रूम 9549379480, 9571367159, 6376573554 पर शिकायत दर्ज करवा सकते है। संयुक्त टीम में प्रवर्तन निरीक्षक रविन्द्र मील, संतोष कुमार मीना, रविन्द्र मीना शामिल रहे।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

## लाभकारी दही हानि क्यों करने लगती है ?

- आपने अपने पैरेंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।

## पाचकाग्नि को मंद हो जाती है

- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है ? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।

## जुकाम लगा सकती है दही

- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।

## जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है

- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत होती है यदि वे लोग रात के समय दही खाना शुरू कर दें तो यकीन मानिए कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब उनके जोड़ों का दर्द इस कदर बढ़ जाएगा कि दिन-रात का चैन खो सकता है।

## सो नहीं पाते ऐसे लोग

- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।

## आ सकता है बुखार

- रात के समय दही खाना आपको बुखार आने का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह ऊपर बताए गए कारणों को मिलाकर तैयार हो जाती है। क्योंकि शरीर में पित्त और वायु का कुपित होना, जुकाम लगना, शरीर में दर्द होना जैसी समस्याएं शरीर के सामान्य तापमान को स्थिर नहीं रहने देती हैं। इससे बुखार आने की समस्या हो सकती है।

## रात को दही खाने से बढ़ती है सूजन

- रात को दही खाने से शरीर में सूजन बढ़ने की समस्या बढ़ सकती है। क्योंकि रात में दही का सेवन करने से पित्त की मात्रा में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आपके शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करेगा।
- अगर आपके शरीर में सूजन की समस्या पहले से है या कोई चोट लगी हुई है तो रात के समय दही खाना आपके शरीर को अंदर से कमजोर करने का काम करेगा। इससे आपके शरीर में दर्द और पीड़ा कई गुना बढ़ सकती है।

## जरूरी नहीं अगले दिन ही दिखे रिजल्ट

- अगर आपको लगता है कि आपने तो रात को दही खाई थी, आपको तो कोई समस्या नहीं हुई। तो यह जरूरी नहीं है कि आपने रात में दही खाई है तो अगले दिन सुबह के समय ही आपके शरीर में बीमारी के लक्षण दिखने लगेंगे। ये लक्षण दिन में किसी समय, अगली रात में या एक-दो दिन बाद भी नजर आ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है। एक तरफ जहां किसी में एक बार रात को दही खाने के बाद कुछ ही घंटे में तबीयत खराब हो सकती है तो किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में इसका असर 3 दिन बाद भी दिख सकता है।





# खून के थक्के बनने से रोकने की दवा लेते हैं तो न खाएं हरा साग

**हरा साग जैसे पालक क्लॉटिंग रोकने वाली वार्फरिन या कुमारिन दवाओं के असर को काफी हद तक कर देता है बेअसर इसलिए ऐसे लोग जो इन दवाओं को प्रयोग करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि हरा साग न खाएं।**

जिन रोगियों में खून के असामान्य थक्कों के बनने और खून जमने की समस्या होती है, उन्हें एक विशेष दवा के सेवन के कारण कई बार हरा साग खाने से मना किया जाता है। यह दवा वार्फरिन है। यह और इसके जैसी अनेक दवाएं, जिन्हें कुमारिन-परिवार की दवाएं कहते हैं, विटमिन-के का प्रतिरोध करती हैं। इम्यूनोलॉजिस्ट एवं र्यूमैटॉलजिस्ट कहते हैं, विटमिन-के का काम खून की क्लॉटिंग से होता है। यह विटमिन यकृत में जमा होता है और इसी कारण हमारा खून सही ढंग से जमता है। यह विटमिन शरीर में क्लॉटिंग फैक्टरों का निर्माण करता है। विटमिन-ख न हो तो न जाने कितने ही लोगों की रक्तस्राव से मौत हो जाए, लेकिन फिर अनेक रोगियों में खून का जमना हानिकारक हो जाता है। मान लीजिए किसी रोगी में हृदयवॉल्व की सर्जरी हुई है या उसे कोई ऐसा रोग है, जिसमें खून बार-बार और जल्दी-जल्दी जमा करता है। ऐसे में अगर विटमिन-के का प्रतिरोध न किया गया, तो फिर खून का लगातार जमना हानिकारक या कभी-कभी जानलेवा साबित होगा। इसलिए ऐसे रोगियों में खून को पतला करने वाली दवाएं चलाई जाती हैं। इन्हीं दवाओं में कुमारिन-परिवार की सदस्य दवाएं भी शामिल हैं, जिनमें वार्फरिन प्रमुख है। हरा साग विटमिन-के का प्रमुख स्रोत है। इसे खाने से शरीर को विटमिन-ख की प्राप्ति होती है। लेकिन फिर जिन रोगियों को विटमिन-ख नहीं चाहिए या जिनके लिए विटामिन-के की प्रचुरता हानिकारक है, वे क्या करें ? वह ब्लड की क्लॉटिंग ( स्तम्भन ) को रोकने के लिए वार्फरिन जैसी दवाओं पर निर्भर रहते हैं। और हरे साग का सेवन वार्फरिन को समुचित कार्य करने से रोकेगा।

## आयरन की गोलियां खाएं

इसलिए डॉक्टर की सलाह होती है कि अगर आप वार्फरिन या अन्य कुमारिन-दवाएं खाते हैं, तो हरा साग कम-से कम खाएं या न खाएं। हां, यह जरूर है कि ऐसा करने से आपको आवश्यक आयरन नहीं मिलेगा और अनीमिया की आशंका बढ़ जाएगी, लेकिन ऐसी परिस्थिति में वार्फरिन के साथ हरे साग की बजाय आयरन की गोलियों का सेवन कहीं बेहतर है।

# खर्राटों की समस्या से निजात दिलाएगा चुंबक

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन ( मैगनैप ) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है।

इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा।

यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।





# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

## ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लेकेनहोर्स्ट ने कहा, हरी पत्तेदर सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

## विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बड़ी मात्रा में विटामिन- के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।

### रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया ( जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी ) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

### रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।



# घुटने का दर्द हो जाएगा छूमंतर ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द ?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है ? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम कर के दर्द को दूर कर सकता है।

एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com